दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
2nd साल बेमिसाल जुनून की जीत
ANNIVERSARY
वर्ष: 2 | अंक: 360 जयपुर, रविवार, 10 दिसंबर, 2023 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष- द्वादशी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | youtube.com/c/TheAawaz | instagram.com/bedhadaksach

सुधी पाठको

'सच बेधड़क' जब आज से ठीक दो साल पहले 10 दिसंबर 2021 को शुरू किया, तब हमारी पूरी टीम की धड़कनें तेज थीं, कई ख्याल मन में हलचल मचा रहे थे। लेकिन, आप लोगों ने जिस तरह से 'सच बेधड़क' के कलेवर, निर्भीक और निष्पक्ष अंदाज को सराहा, सपोर्ट किया और सुधार की प्रक्रिया में सहयोग दिया, उसने हमारा कलेजा दोगुना कर दिया। यही वजह रही कि हमने हमेशा सनसनी नहीं-सच्चाई को, पक्षपात नहीं-निष्पक्षता को, दबाव नहीं-निर्भीकता को महत्व दिया। आपके प्यार और प्रोत्साहन के ही कारण आज आपका पसंदीदा अखबार 'सच बेधड़क' दूसरी वर्षगांठ मना रहा है। हमें गर्व है आप पर कि आपने हमें जिम्मेदार और जवाबदेह पत्रकारिता के संकल्प पर अडिग रहने में पूर्ण सहयोग दिया। इन दो साल में आप का जो प्रेम, आशीर्वाद और मार्गदर्शन हमें प्राप्त हुआ, वो हमारे लिए थाती है। उम्मीद है कि अब तक मिला आपका अकल्पनीय और अटूट विश्वास आगे भी कई-कई वर्षों तक हमें उत्साहित करता रहेगा। दरअसल, पत्रकारिता हो या कोई अन्य कार्य, अगर इरादों में ईमानदारी और मन में पवित्रता हो तो सफलता कदम चूमती है। यह ईमानदारी तथा पवित्रता सुदृढ़ से सुदृढ़तम हुई आपके साथ से, जिसने हमारा हौसला और सामर्थ्य कई गुना बढ़ाया। मैं आपका तो हृदय से आभारी हूं ही, अपनी टीम, या कहें 'सच बेधड़क परिवार' के साथ ही उन तमाम साथियों का भी तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने इन दो बरस में 'सच बेधड़क' को एक मिशन के रूप में ऊंचाइयां छूने में मदद की। सहयोग तो रामसेतु के निर्माण में गिलहरी का भी अब तक अविस्मरणीय और वंदनीय है, तो आपका और अपने तमाम साथियों का तो जी-जान से रहा। जो मेरे लिए सदैव वंदनीय रहेगा।



■ विनायक शर्मा
फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

**गोगामेड़ी हत्याकांड:** मुल्जिमों रोहित राठौड़ और नितिन फौजी के नेपाल जाने के मिले इनपुट

# रामवीर ने हत्यारों को फरारी में की मदद... दबोचा

## ■ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार उसके साथियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया

**बेधड़क।** जयपुर

श्रीराष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या की साजिश में शामिल शूटरों के एक साथी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी रामवीर जाट हरियाणा के महेन्द्रगढ़ का रहने वाला है। पुलिस ने उससे पूछताछ के दौरान घटना में शामिल कुछ संदिग्धों को भी हिरासत में लिया है। इस बीच, पुलिस को हत्या के मुख्य आरोपी आरोपी नितिन फौजी व रोहित राठौड़ के नेपाल भाग जाने के इनपुट मिले हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी सुजानगढ़ होकर रेवाड़ी और वहां से गाजियाबाद गए। इसके बाद दोनों के नेपाल जाने की सूचना है।





### हत्यारों को फर्जी आईडी से रुकवाया

आरोपी नितिन पुलिस पर फायरिंग करने की घटना में पहले से फरार था। उसने बचपन के साथी रामवीर से संपर्क किया और 19 नवंबर को ही उसको गोगामेड़ी की हत्या की साजिश के तहत जयपुर भेज दिया था। यानी राजवीर घटना से करीब 16 दिन पहले जयपुर आया था। उसने गोगामेड़ी के घर व घटना के बाद किन गलियों से फरार होने में आसानी रहेगी, उन कॉलोनियों की गलियों की रेकी की। उसके बाद जब नितिन व रोहित जयपुर आए तो उनको फर्जी आईडी से महेश नगर, श्यामनगर व जवाहर सर्किल स्थित होटल व दोस्त के फ्लैट पर रुकवाया था। घटना के एक दिन पहले रामवीर ने गोगामेड़ी के घर से फरार होने के लिए नितिन व रोहित को आसान गलियों की रेकी कराई थी, ताकि वे आसानी से जयपुर से बाहर निकल सकें।

**रामवीर छह साल तक रह चुका शहर में**

पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी रामवीर जाट छह साल तक जयपुर में रहकर मानसरोवर स्थित एक निजी कॉलेज से बी.एससी. व कालवाड़ा स्थित एक अन्य निजी कॉलेज से एम.एससी. करने के बाद छह माह पहले ही वापस अपने गांव गया था। वह साल 2017 में जयपुर आया था। वह मानसरोवर, महेश नगर, श्यामनगर, करणी विहार व करधनी इलाके की सभी कॉलोनियों की गली-गली से वाकिफ था। वारदात के बाद नितिन व रोहित दो सौ फुट बाइपास पहुंच गए। जहां पर नितिन व रोहित को रामवीर मिला। रामवीर दोनों को मोटरसाइकिल पर बैठाकर बगरू टोल प्लाजा से आगे तक लेकर गया और फिर नागौर जाने वाली रोडवेज बस से फरार करा दिया।

### ऐसे हुई थी घटना

गत 5 दिसंबर को कभी सुखदेव सिंह का गार्ड रहा नवीन शेखावत दो युवकों के साथ गोगामेड़ी के घर आया था। सोफे पर एक तरफ सुखदेव बैठे थे तो सामने रोहित राठौड़ और नितिन फौजी थे। इस दौरान सुखदेव के मोबाइल पर एक कॉल आया, उन्होंने मोबाइल उठाया, तभी हमलावरों में से एक ने सुखदेव को गोली मार दी। फिर नवीन, रोहित और नितिन ने तड़ातड़ फायरिंग की। नवीन के भी गोली लगी थी। उसे वहीं छोड़ रोहित और नितिन फरार हो गए। बाद में सुखदेव और नवीन को मृत घोषित कर दिया गया था।

## जरूरी खबर

### कोटा में स्कूली छात्रा ने की आत्महत्या

**कोटा।** यहां बापू कॉलोनी में 15 वर्षीय एक स्कूली छात्रा ने कथित तौर पर अपने कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शनिवार को बताया कि सरकारी स्कूल की 10वीं कक्षा की छात्रा के आत्महत्या करने के पीछे का कारण अभी तक पता नहीं चल सका है। पुलिस के मुताबिक, निकिता कोली शुक्रवार अपराह्न स्कूल से घर लौटने के बाद अपने कमरे में चली गई और उसने चुन्नी का फंदा बना पंखे से लटक कर जान दे दी। पुलिस ने बताया कि घटना के वक्त निकिता के पिता भवानी शंकर काम पर गए थे, जब उनके मकान मालिक ने उन्हें फोन करके इस घटना की जानकारी दी।

## ये भी देखें...

प्रदेशभर में प्रदर्शन, कांग्रेस सांसद का पुतला फूंका पेज-2

प्रह्लाद HC और पवन सेशन कोर्ट में बार एसोसिएशन अध्यक्ष बने पेज-3

**'सीएम कौन' पर दिल्ली से जयपुर तक गहमागहमी**

# नड्डा ने विधायकों से कहा 2024 के रोडमैप में जुटें

## विधायकों को आज जयपुर बुलाया, सोमवार को विधायक दल की बैठक

### ■ केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे जयपुर पहुंचे, तीनों पर्यवेक्षक आज आएंगे

**बेधड़क।** जयपुर

प्रदेश में सीएम चयन को लेकर दिल्ली से जयपुर तक भाजपा में सियासी गहमागहमी का माहौल है। भाजपा के विधायक दल की बैठक सोमवार को होगी। तीनों पर्यवेक्षकों के रविवार जयपुर पहुंचने की संभावना है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे शनिवार देर रात जयपुर पहुंचे और कहा कि प्रदेश को जल्द ही नया मुख्यमंत्री मिल जाएगा। इधर, बीजेपी ने अपने सभी विधायकों को रविवार को जयपुर बुलाया है। वे अब अगले 2 दिन जयपुर में ही रहेंगे, ऐसे निर्देश हैं। कुछ विधायक शनिवार को जयपुर पहुंच चुके हैं, बाकी रविवार सुबह तक जयपुर पहुंच जाएंगे। हालांकि पूर्व सीएम वसुंधरा राजे व कुछ विधायक अभी दिल्ली ही हैं, जो रविवार सुबह तक जयपुर पहुंच सकते हैं। इससे पूर्व शनिवार शाम को राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रदेश के तमाम विधायकों के साथ करीब 25 मिनट तक वर्चुअल बात की। वीसी के माध्यम से नड्डा ने सभी विधायकों को पार्टी की रीति-नीति व आदर्शों को सर्वोपरि रखने की बात कही। नड्डा ने विधायकों को संबोधित करते हुए कहा कि जिन इलाकों में कांग्रेस जीती है, हमें वहां भी लगातार जनता से संपर्क में बनाए रखना है। मैं इन दिनों विधायकों का बायोडाटा देख रहा हूं। इनमें कई विधायक बेहद अनुभवी हैं। उनका अनुभव हमें जनता की भलाई के लिए काम में लेना होगा। सभी जनप्रतिनिधि 2024 के आम चुनाव के रोडमैप के लिए जुट जाएं। नड्डा की वीसी से प्रदेश भाजपाध्यक्ष सीपी जोशी भी जुड़े।



### पर्यवेक्षक तावड़े और नड्डा के बीच मंत्रणा

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित अन्य पर्यवेक्षक सरोज पांडेय और विनोद तावड़े रविवार को जयपुर पहुंचेंगे। जानकारी मिली है कि शनिवार को पर्यवेक्षक विनोद तावड़े की भी नड्डा से मंत्रणा हुई थी। राजनाथ शुक्रवार को पार्टी अध्यक्ष से लंबी बातचीत कर चुके हैं। बहरहाल, पर्यवेक्षकों के रविवार को जयपुर पहुंचने के बाद विधायकों से मुलाकात होगी। वैसे, विधायक दल की बैठक सोमवार को बुलाई जानी है।

### शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी शुरू

प्रदेश भाजपा सीएम चयन के बाद होने वाले शपथ ग्रहण समारोह को यादगार व भव्य बनाने में जुट गई है। प्रदेश भाजपा मुख्यालय में इसको लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। बताया जा रहा है कि समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी के आने की संभावना है। हालांकि, अभी तक यह तय नही है कि शपथ ग्रहण समारोह कहां होगा? वैसे, अलबर्ट हॉल या विधानसभा के सामने यह समारोह आयोजित किया जा सकता है। समारोह में भाजपा शासित प्रदेशों के सीएम भी शामिल होंगे।

**कांग्रेस की हार पर समीक्षा:** *कमियां दूर कर लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का संकल्प*

# तय करेंगे हार के लिए नेताओं की अकाउंटेबिलिटी: सुखजिंदर सिंह

## नेतृत्व ने कहा- दूसरे राज्यों से राजस्थान में बेहतर प्रदर्शन

**बेधड़क।** जयपुर

राजस्थान विधानसभा चुनाव में हुई हार की समीक्षा करते हुए आलाकमान ने प्रदेश के नेताओं को विभिन्न कमियां गिनाई। इनमें योजनाबद्ध तरीके से चुनाव प्रचार नहीं करने और सरकार की योजनाओं को आम जन के जेहन तक पहुंचाने में विफलता बड़े कारण बताए।

बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा कि हार को लेकर नेताओं की अकाउंटेबिलिटी तय की जाएगी। उन्होंने कहा, बैठक में हार के कारणों की समीक्षा की गई। आलाकमान ने कहा है कि सभी को अब लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राजस्थान में हार हुई है, लेकिन वोट प्रतिशत में कमी नहीं आई है। केवल 0.44% मत कम मिले हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव में हार को लेकर जो भी कमियां रही, उनको दूर किया जाएगा।



### राहुल ने कैंपेन स्ट्रेटजी में कमी बताई वजह

पार्टी सूत्रों का कहना है कि बैठक में कई पहलुओं पर चर्चा हुई। बैठक में राहुल गांधी ने कर्नाटक मॉडल और तैयारियों का जिक्र करते हुए कहा कि जिस तरह कर्नाटक में कैंपेनिंग की, उसी तरह राजस्थान में करनी चाहिए थी। कैंपेन स्ट्रेटजी में कमी थी। राजस्थान में कर्नाटक जैसा मोमेंटम बनाने में विफल रहे। सूत्र बताते हैं कि प्रदेश के नेताओं ने आलाकमान के सामने इस्तीफे का प्रस्ताव भी रखा, लेकिन आलाकमान ने सभी को लोकसभा चुनाव में जुटने के निर्देश दिए हैं।

### ये रहे बैठक में मौजूद

एआईसीसी ऑफिस में हार के कारणों को लेकर हुई समीक्षा बैठक में राहुल गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गौरव गोगोई, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, सीपी जोशी, गोविंद मेघवाल शाहिद अन्य नेता उपस्थित रहे।

**और जमेगा सर्दी का रंग**

# पश्चिमी विक्षोभ फिर होगा सक्रिय, तेज होगी सर्दी

### ■ 4 शहरों में 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे आया तापमान

**बेधड़क।** जयपुर

प्रदेश में भले ही बारिश का दौर थम चुका हो, लेकिन एक बार फिर से मावठ की संभावना जताई जा रही है। दरअसल, प्रदेश में 11 दिसंबर से एक नया पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना है। ऐसे में कई जिलों में फिर से बारिश और कोहरे का दौर शुरू होगा, जाहिरा तौर पर इससे सर्दी के तेवर और तीखे होंगे।

मौसम विभाग के अनुसार हिमालय के तराई क्षेत्र में बर्फबारी कम होने और विंड पैटर्न में बदलाव में देरी के चलते प्रदेश में फिलहाल शीतलहर का प्रकोप नहीं है।



### बाड़मेर में सीजन का सबसे कम तापमान

जयपुर, कोटा, चित्तौड़गढ़, अलवर, अजमेर में भी शनिवार को न्यूनतम तापमान शुक्रवार के समान रहा और मौसम साफ रहा। गंगानगर, हनुमानगढ़ में शनिवार सुबह हल्की धुंध रही। बाड़मेर में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री दर्ज हुआ, जो सीजन का सबसे कम रहा। इधर, शेखावाटी के अधिकांश हिस्से में हाड़ कंपाने वाली ठंड रही।

### वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का यह रहेगा असर

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि 11-12 दिसंबर से एक कम प्रभाव वाला वेस्टर्न डिस्टर्बेंस उत्तर भारत के राज्यों पर एक्टिव होगा, जिससे जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, लद्दाख और उत्तराखंड में बर्फबारी होगी। यह सिस्टम 14 दिसंबर तक एक्टिव रहेगा और 15 दिसंबर को ये आगे बढ़ जाएगा।



## जरूरी खबर

### राजपूत सभा भवन में गोगामेड़ी को आज देंगे श्रद्धांजलि



**बेधड़क,जयपुर।** एमआई रोड स्थित श्रीराजपूत सभा भवन में रविवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। सभा भवन के अध्यक्ष राम सिंह चंदलाई ने बताया कि सभा में सर्व समाज के लोग सुखदेव सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। सभा सुबह 11 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस दौरान राजपूत समाज व अन्य समाजों के लोग मौजूद रहेंगे। इस दौरान सुखदेव सिंह की ओर से समाज उत्थान के लिए किए गए कार्यों पर भी चर्चा की जाएगी।

### आज रवि-प्रदोष के संयोग में शिव आराधना श्रेष्ठ

**जयपुर.बेधड़क।** इस बार प्रदोष व्रत और रविवार का सुखद संगम आया है। रविवार को प्रदोष पर्व होने से यह भगवान शिव की पूजा-आराधना के लिए श्रेष्ठ है। इस योग में शाम के समय प्रदोषकाल में भगवान शिव की आराधना कई गुना फलदायी है। रविवार को द्वादशी तिथि सुबह 7.15 बजे तक रहेगी। सूर्योदय सुबह 7.02 बजे होगा। ऐसे में उदियात तिथि द्वादशी ही मानी जाएगी। ज्योतिषी पं. गोरीशंकर शर्मा ने बताया कि प्रदोष पर्व के दौरान शाम को प्रदोषकाल में भगवान शिव की दूध, गंगाजल, रोली, चंदन, अक्षत, बिल्वपत्र, आंक-धतुरा आदि से षोड्षोपचार पूजा करना श्रेष्ठ फलदायी रहता है। प्रदोष का व्रत रखने वाले साधकों को प्रदोषकाल में पूजा करनी चाहिए।

### सांसद बोहरा ने की रेल मंत्री से मुलाकात



**बेधड़क, जयपुर।** शहर से भाजपा के सांसद रामचरण बोहरा ने शुक्रवार को केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात की। सांसद बोहरा ने सिख समुदाय की लंबे समय से चल रही मांग अजमेर से अमृतसर चलने वाली ट्रेन का नाम बदलकर 'हरमिन्दर साहिब एक्सप्रेस' करने का आग्रह किया। सांसद बोहरा ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को पत्र देकर अपनी मांग रखी। रेल मंत्री वैष्णव ने इस मांग को लेकर रेलवे के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

**जयपुर में चौमूं हाउस चौराहा पर कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन**

# कैश कांड को लेकर भाजपा का प्रदेशभर में प्रदर्शन, कांग्रेस सांसद का पुतला फूंका

बेधड़क | जयपुर

झारखंड में कांग्रेस सांसद के आवास से 9 अलमारियों में 210 करोड़ से ज्यादा का कैश मिलने के मामले में शनिवार को प्रदेशभर में भाजपा ने विरोध प्रदर्शन किया। राजधानी जयपुर में चौमू हाउस सर्किल, भाजपा प्रदेश कार्यालय के पास पर कांग्रेस सांसद धीरज साहू का पुतला फूंककर प्रदर्शन किया।

भाजपा नेताओं ने नारेबाजी करते हुए कांग्रेस को भ्रष्टाचारी बताया। विरोध प्रदर्शन में सिविल लाइन विधायक गोपाल शर्मा, हवामहल विधायक बालमुकंदाचार्य, मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ, सांगानेर विधायक भजन लाल शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक पांडया, जयपुर शहर अध्यक्ष राघव शर्मा, जयपुर शहर व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक प्रेम जैन क्षेत्रपाल सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर हवामहल विधायक बालमुकंदाचार्य ने कहा कि कांग्रेस के सांसद के पास भारी मात्रा में काला धन मिलना साबित करता है कि कांग्रेस सबसे भ्रष्टाचार पार्टी है। उनके चेहरे से नकाब हट चुका है। कांग्रेस पार्टी काले धन व भ्रष्टाचार की जननी है। उन्होंने कहा- एक ओर कांग्रेस भ्रष्टाचार, घोटाले, ब्लैकमेलिंग कर काले धन को इकट्ठा कर देश की नींव को खोखला करने में लगे हुए हैं, तो दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार काला धन निकलवा कर देश को मजबूत करने में लगी है। सिविल लाइन विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि साहू के पास मिले काले धन को गिनने के लिए जितनी भी मशीनों का उपयोग किया गया, सभी मशीन खराब हो गईं, फिर भी काला धन समाप्त नहीं हुआ है। यह आज तक की सबसे बड़ी रेड है।







फोटो: राजेश कुमावत



भाजपा मुख्यालय में पीएम मोदी को संदेश सुनते पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

### प्रदेश के इन जिलों में हुआ प्रदर्शन

कैश कांड मामले को लेकर बीजेपी ने प्रदेश के सीकर, अलवर, करौली, अजमेर, भरतपुर, टोंक, झालावाड़ सहित कई जिलों में प्रदर्शन किया।

## लूट, झूठ और फूट डालना ही कांग्रेस के पतन का असली कारण: जोशी

**जयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने झारखण्ड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के यहां इनकम टैक्स की कार्रवाई में मिले कैश को लेकर कांग्रेस को जमकर घेरा।

सीपी जोशी ने शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता कर कहा कि कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान में लूट के धन का इतना बड़ा जखीरा मिला है जिसे गिनते गिनते कई घंटे हो गए और पैसे गिनने वाली मशीनें भी खराब हो गई, लेकिन गिनती अभी तक भी पूरी नहीं हो पाई। उन्होंने कहा लूट, झूठ और देश में फूट डालना ही कांग्रेस के पतन का असली कारण है।

भ्रष्टाचार पर कांग्रेस का लंबा इतिहास है। जीप घोटाला, बोफोर्स घोटाला, यूरिया घोटाला, आदर्श सोसायटी घोटाला, कॉमनवेल्थ गेम्स घोटाले जैसे अनेक बड़े भ्रष्टाचार कांग्रेस शासन काल में हुए। जब इनके एक राज्य सभा सांसद के यहां इतना काला धन मिला है तो आजादी से लेकर अब तक किए इतने घोटालों में कांग्रेस ने कितनी आलमारियां भरी होंगी। जब केंद्र की जांच एजेंसियां इन भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई करती है तो यह केंद्र सरकार की आलोचना करते हैं। जोशी ने कहा कि कांग्रेस राज्य सभा सांसद धीरज साहू राहुल गांधी के बहुत करीबी है। उनके साथ कई कार्यक्रमों में साथ नजर आते हैं। इन सांसद के पास 2019 में भी एयरपोर्ट पर लाखों रुपए नकद पकड़े गए थे। इनके चुनावी हलफनामे में इन्होंने अपनी संपत्ति क्या दिखाई और वास्तविकता में कितनी मिली, आज पूरा देश देख रहा है।





### गहलोत के OSD शर्मा का भी जिक्र

प्रेस से मुखातिब होते हुए सीपी जोशी ने अशोक गहलोत के ओएसडी लोकेश शर्मा का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि खुद इनके ओएसडी गहलोत सरकार के भ्रष्टाचार की पोल खोल चुके हैं। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि भाजपा और केन्द्र की मोदी सरकार ने देश से भ्रष्टाचार को समाप्त करने का संकल्प लिया है, जिससे भ्रष्टाचारियों में भय व्याप्त है।

**मतदाता सूची में संशोधन, नए नाम जुड़वा सकेंगे मतदाता**

## आयोग ने शुरू की लोस चुनाव की तैयारियां

बेधड़क | जयपुर

देश में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग ने तैयारी शुरू कर दी हैं। आयोग ने मतदाता सूची को अपडेट करने, संसोधन और 1 जनवरी को 18 वर्ष पूर्ण कर चुके मतदाताओं का निर्वाचन नामावली में नाम जोड़ने का प्रोसेस शुरू कर दिया हैं।

निर्वाचन आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने और संशोधन करने का अभियान 20 दिसंबर से शुरू करने का निर्णय किया है। 1 जनवरी तक मिलने वाले सभी आवेदनों की जांच-पड़ताल के बाद 6 जनवरी को वोटर लिस्ट की ड्राफ्ट लिस्ट जारी की जाएगी। गौरतलब हैं कि इस बार बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम लिस्ट से डिलीट हो गए थे। इस कारण से कई वोटर जो पहले चुनावों में वोट दे चुके थे। इस बार वोट करने से वंचित रह गए थे। इसे देखते हुए इस बार निर्वाचन आयोग ने सभी बीएलओ को इस काम को गंभीरता से करने के निर्देश दिए है।





### 199 विस क्षेत्रों में चलेगा अभियान

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने, संशोधित करने का काम 199 विधानसभा में चलेगा। गंगानगर जिले की करणपुर सीट पर 5 जनवरी को चुनाव होने के कारण यहां वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने का काम चुनाव बाद किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनवरी में ड्राफ्ट सूची प्रकाशन के बाद वापस लोगों को नाम जुड़वाने का मौका दिया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 1 जनवरी 2024 को जो व्यक्ति 18 साल का हो रहा है, उसका नाम वर्तमान में जोड़ा जाएगा, लेकिन जो व्यक्ति 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर 2024 को 18 साल पूरे करने वाले हैं, उनका वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने का काम 6 जनवरी के बाद किया जाएगा।

### राज्यपाल से मिले मुख्य सूचना आयुक्त



*बेधड़क, जयपुर। राजभवन में शनिवार को मुख्य सूचना आयुक्त डीबी गुप्ता ने राज्यपाल कलराज मिश्र से की शिष्टाचार भेंट । इस दौरान गुप्ता ने राज्यपाल को गुलदस्ता भेंट किया।*

**चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित**

# सौहार्द से प्रकरणों का निस्तारण ही लोक अदालत का लक्ष्य: श्रीवास्तव

बेधड़क | जयपुर

न कोई जीता न कोई हारा के सिद्धांत पर आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का लक्ष्य आमजन के मध्य सौहार्द बनाकर ज्यादा से ज्यादा प्रकरणों का निस्तारण करना एवं प्राचीन काल से प्रचलित सर्वे भवन्तु सुखिनः अर्थात सभी सुखी रहे की धारणा को साकार करना है।

यह बात राजस्थान उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायाधिपति मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव ने शनिवार को कही। वे राजस्थान उच्च न्यायालय (नई बिल्डिंग) के परिसर में वर्ष- 2023 की चतुर्थ एवं अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ कर रहे थे। उन्होंने कहा कि न्यायाधिपति मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि इस बार आकाशवाणी, एफएम रेडियो, बल्क मैसेज, वीडियो वॉल आदि की मदद से राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए जागरुकता अभियान भी चलाया गया।

गौरतलब है कि प्रदेश में न्यायिक प्रकरणों के निस्तारण को लेकर लोक अदालत चलाई जा रहीं हैं। इसमे एक साथ सभी तरह के मुकदमों निस्तारण किया जा रहा हैं।

### करीब 47 लाख मामलों का हुआ निस्तारण





### 505 बेंचों का किया गया था गठन

राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति आमजन एवं पक्षकारों में काफी उत्साह है। पक्षकार स्वयं आगे बढ़कर अपने मामलों को लोक अदालत में लगवाने के लिए आ रहे हैं। वहीं वकीलों द्वारा भी अपने स्तर पर पक्षकारों को अपने मामले राजीनामा के माध्यम से सुलझाने वाले इस सुलभ माध्यम को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य फौजदारी प्रकरण, धन वसूली, एम.ए.सी.टी. के प्रकरण, श्रम एवं नियोजन संबंधी विवाद, भूमि अधिग्रहण से संबंधित प्रकरण एवं राजस्व मामलें रखे गए। प्री-लिटिगेशन के प्रकरण भी उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में रखे जाएंगे। उक्त प्रकरणों में रिटायर्ड न्यायिक अधिकारी और प्री-काउंसलर के सहयोग से 16 नवम्बर से काउंसलिंग करवाई जा रही थी। राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रकरणों की सुनवाई के लिए राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर और अधीनस्थ न्यायालयों की कुल 505 बैंचों का गठन किया गया, जिसके द्वारा प्रकरणों की ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यमों से सुनवाई की जाएगी।

### इस बार आए 9,88,209 लंबित मामले

मुख्य न्यायाधीश श्रीवास्तव ने बताया कि जिला विधि प्राधिकरणों के सहयोग से 9 सितंबर तक करीब 46,96,700 लंबित व प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निस्तारण किया जा चुका है। इस बार भी कुल 9,88,209 लंबित व प्री-लिटिगेशन प्रकरण सुनवाई के लिए मामले रैफर किए गए हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन राजस्थान उच्च न्यायालय सहित प्रदेश के सभी अधीनस्थ न्यायालयों के साथ- साथ राजस्व न्यायालयों, उपभोक्ता मंचो एवं अन्य प्रशासनिक अधिकरणों में किया गया है। इस दौरान कार्यक्रम में राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अनिल उपमन, न्यायाधीश आशुतोष कुमार एवं न्यायाधीश भुवन गोयल सहित राजस्थान उच्च न्यायालय, बार एसोसिएशन के सदस्य, रजिस्ट्री, राजस्थान उच्च न्यायालय एवं रालसा के पदाधिकारी, कर्मचारी एवं पक्षकार मौजूद रहे।

## जरूरी खबर

### व्याख्यान में रेडियोलॉजी के भविष्य पर चर्चा



**जयपुर।** राजस्थान स्टेट चैप्टर ऑफ आईआरआईए द्वारा राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में राज्य स्तरीय संगोष्ठी व कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य प्रवक्ता डॉ. दीपक पाटकर मुंबई ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से रेडियोलॉजी का भविष्य पर व्याख्यान दिया। इंटरवेंशन रेडियोलॉजी विषय पर लाइव डेमोस्ट्रेशन किया गया। IRIA कार्यकारिणी में मुख्य कार्यकर्ता डॉ. जीवराज सिंह, नवनीत गुप्ता, नईमा मन्नान, प्रवीण सिंघल, अनु भंडारी, आरपी बंसल, परेश सुखानी, मीनू बगरहट्टा, कुशल बाबू गहलोत ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन डॉ. तुषार प्रभा एवं डॉ नेहा अग्रवाल ने किया।

### वाहन चालक पर नाबालिग से गैंगरेप का आरोप

**जयपुर।** राजधानी में स्कूल की वैन के ड्राइवर पर नाबालिग से रेप और उसके साथियों द्वारा गैंगरेप करवाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित के पिता ने झोटवाडा थाने में मामला दर्ज कराया है। आरोप है कि इस पूरी घटना में स्कूल प्रशासन ने भी दबाने की कोशिश की। झोटवाड़ा थाना पुलिस ने वैन ड्राइवर सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच एडिशनल डीसीपी वेस्ट को दी गई है। स्कूल प्रशासन का कहना है कि जिसकी गलती है उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। एडिशनल डीसीपी वेस्ट गुरुशरण राव ने बताया कि 8 दिसंबर को पीड़ित बच्चों का पिता थाने पहुंचा। पीड़ित ने बताया कि स्कूल के वैन ड्राइवर ने बच्ची के साथ रेप की घटना को अंजाम दिया। उसके साथ के कुछ आरोपियों ने गैंगरेप कर जान से मारने की धमकी दी।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

**जेडीए का अड़ंगा:** मानवरोवर की 27 से ज्यादा कॉलोनियों में वसूली की तैयारी

# सड़क है ही नही, फिर भी पानी चाहिए तो देना पड़ेगा कटिंग चार्ज

**बेधड़क** | जयपुर

मानसरोवर विस्तार की कॉलोनियों में जल्द ही बिसलपुर का पानी घर-घर तक पहुंचने वाला है, लेकिन जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने सैकडों परिवारों से मोटा मुनाफा कमाने के लिए बीच में ही अड़ंगा लगा दिया है। दरअसल मानसरोवर विस्तार में आने वाले करीब 27 कॉलोनियों की सैकड़ों गलियों में कभी जेडीए व नगर निगम ने सड़क नहीं बनाई, लेकिन जेडीए के अधिकारियों ने अब इन गलियों में रहने वाले लोगों से पीएचईडी द्वारा बिसलपुर पानी का कनेक्शन देने की एवज में सड़क कटिंग के नाम से चार्ज वसूलने की तैयारी कर ली है। सूत्रों ने बताया कि चार्ज 2700 रुपए प्रति मीटर के हिसाब से वसूल किया जाएगा। सवाल यह है कि इन कॉलोनियों में कभी सड़कें ही नहीं बनी तो कैसे सड़क की कटिंग होगी। कनेक्शन की तीन मीटर की लंबाई व .06 मीटर चौड़ाई करने के आधार पर चार्ज वसूल किया जाएगा। यानी लोगों को बिना सड़क के ही कटिंग चार्ज देना पड़ेगा।



#### पानी के कनेक्शन देना शुरू

कॉलोनियों में बिसलपुर का पानी पहुंचाने के लिए कनेक्शन देने शुरू कर दिए हैं। कनेक्शन की एवज में चार्ज देना पड़ेगा। पीएचईडी के चार्ज के साथ जेडीए की सड़क कटिंग की राशि भी शामिल होगी। यह राशि फिर पीएचईडी द्वारा जेडीए को दी जाएगी। इसके बाद में कॉलोनियों में सड़कें बनेगी।

#### इन कॉलोनियों में कभी सड़कें ही नहीं बनी

पड़ताल में सामने आया कि सुमेर नगर, आयकर नगर, आयकर नगर द्वितीय, सचिवालय विहार, श्रीराम विहार, श्रीराम विहार द्वितीय, नवकार विहार, गणेश नगर, भवानी नगर, जीपी कॉलोनी, शिव शक्ति नगर, सुमेर नगर प्रथम, सुमेर नगर द्वितीय, भैरव नगर, मोती नगर, सुंदर नगर, विनायक अपार्टमेंट, भैरूं नगर, कैलाश विहार, गिर्राज नगर, सरस्वती एनक्लेव, पवन विहार, कीर्ति सागर प्रथम, श्रवण पैलेस गार्डन, कैलाश विहार द्वितीय, श्रीराम विहार ए व सुमेर पैराडाइज की कॉलोनी में सड़कें बनी ही नहीं हैं।

परिणाम घोषित होते ही जीतने वाले पदाधिकारियों के समर्थक झूमे


# प्रह्लाद HC और पवन सेशन कोर्ट में बार एसोसिएशन अध्यक्ष बने

■ वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर एडवोकेट लक्ष्मी शर्मा ने 1801 वोट लेकर सबसे बड़ी जीत दर्ज की

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान हाईकोर्ट एसोसिएशन और सेशन कोर्ट की दी बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव परिणाम शनिवार को घोषित कर दिए गए। हाईकोर्ट में जहां अध्यक्ष पद पर प्रह्लाद शर्मा ने जीत दर्ज की है। वहीं, सेशन कोर्ट की बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर पवन शर्मा विजयी हुए हैं। चुनाव अधिकारी ने जैसे ही चुनाव परिणाम सुनाया तो जीतने वाले उम्मीदवारों के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। जीत के बाद सभी निर्वाचित पदाधिकारियों ने निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए चुनाव अधिकारी हरेंद्र सिंह सिनसिनवार और चुनाव अधिकारी राजेन्द्र सिंह तंवर का धन्यवाद दिया। सांगानेर बार में निर्विरोध चुनाव हुए।

अधिवक्ता आलोक सोनी अध्यक्ष, मीनाक्षी जोशी महासचिव सहित अन्य सभी पदों पर पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। वहीं, चाकसू बार में भी निर्विरोध चुनाव सम्पन्न हुए। एनएल शर्मा को अध्यक्ष, दुर्गा प्रसाद बैरवा को महासचिव और अधिवक्ता मुकेश मामोड़िया को उपाध्यक्ष चुना गया।





#### प्रह्लाद शर्मा ने 237 वोटों से दर्ज की जीत

हाईकोर्ट एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद पर प्रह्लाद शर्मा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी महेंद्र शांडिल्य को 237 वोटों से हराया। वहीं, महासचिव पद पर सुशील पुजारी ने डॉ संजय खेदड़ के खिलाफ 130 वोटों से जीत दर्ज की। इनके अलावा उपाध्यक्ष पद पर निखिलेश कटारा, अशोक कुमार यादव निर्वाचित हुए। संयुक्त सचिव के पद पर चित्रांक शर्मा, कोषाध्यक्ष के पद पर योगेश कुमार टेलर, सामाजिक सचिव के पद पर मीनू वर्मा, लाइब्रेरी सेक्रेटरी के पद पर ललित गौतम, जॉइंट लाइब्रेरी सेक्रेटरी के पद पर आशिमा माथुर का निर्वाचन हुआ। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में कार्यकारिणी के पदों पर भी आठ लोगों का निर्वाचन हुआ। इनमें निशांत शर्मा, मलखान चतुर्वेदी, डॉ सुमन शर्मा, मनीष कुमार शर्मा, सतीश खंडेलवाल, संजय भारती, सुरेश कश्यप और विनोद गुप्ता कार्यकारिणी सदस्य के पद पर निर्वाचित हुए।

#### पवन शर्मा ने 833 वोटों से जीता चुनाव

सेशन कोर्ट की दी बार एसोसिएशन जयपुर में अध्यक्ष पद पर पवन शर्मा ने संदीप लुहाड़िया को 833 वोटो से हराया। इनके साथ ही महासचिव पद पर राजकुमार शर्मा ने 1226 वोट लेकर जीत हासिल की। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर एडवोकेट लक्ष्मी शर्मा ने 1801 वोट लेकर सबसे बड़ी जीत दर्ज की। साथ ही उपाध्यक्ष पद पर ही एडवोकेट वंदना मथुरिया ने भी जीत हासिल की। संयुक्त सचिव पद पर कृष्ण कुमार यादव, पुस्तकालय सचिव पर भगवान सहाय वर्मा, सांस्कृतिक सचिव के पद पर अभिलाष झुरिया, कोषाध्यक्ष के पद पर गजेंद्र सिंह नरूका और उप कोषाध्यक्ष के पद पर नवल किशोर शर्मा का निर्वाचन हुआ।

#### कार्यकारिणी सदस्यों में 2 महिलाएं विजयी

दी बार एसोसिएशन जयपुर की कार्यकारिणी में 2 महिला वकील जीतीं। कार्यकारिणी में ऋषि सिंह, जया शर्मा, देवेंद्र कुमार, दीपक मिश्रा, मनीष कुमार, संतोष चतुर्वेदी, घनश्याम गंगवाल, इंतेखाब आलम सिद्दीकी, राजेंद्र कुमार, राजेश कुमार, अरुण कुमावत और सुनील मिश्रा ने जीत हासिल की।

मेयर ने ली स्थापना दिवस पर बैठक

## समारोह की तैयारियों में लापरवाही के लिए अफसरों को लताड़ा



**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर स्थापना दिवस समारोह का समापन दिवस 18 दिसंबर को मनाया जाएगा। इसको लेकर हेरिटेज और ग्रेटर नगर निगम में तैयारियां शुरू हो गई हैं। वहीं, इस संबंध में हेरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर ने अधिकारियों की मीटिंग ली।

समापन समारोह की तैयारी को लेकर हो रही देरी को लेकर मुनेश गुर्जर ने अधिकारियों को लताड़ भी लगाई। उन्होंने कहा कि समारोह की तैयारियों में देरी सब आपकी लापरवाही है। उसमे वे क्या कर सकती हैं, इसलिए अब आप समारोह की सभी तैयारी जो भी समय बचा है उसमें पूरी करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि नई सरकार को लगना चाहिए कि हेरिटेज निगम बेहतर काम कर सकती है। उधर, जयपुर स्थापना दिवस समापन समारोह के संबंध में ग्रेटर निगम आयुक्त बाबूलाल शर्मा ने निगम कार्यालय के सभागार में अधिकारियों की मीटिंग की। उन्होंने शहर की साफ-सफाई सहित कई मुद्दों को लेकर चर्चा की, साथ ही स्थापना दिवस को लेकर चल रही तैयारियों की जानकारी भी ली

**फर्जी डॉक्टर गिरफ्तार,** बुजुर्ग लोगों को बनाता था निशाना

## घुटना ठीक करने के नाम पर ठगे 6 लाख

**बेधड़क** | जयपुर

मालपुरा गेट थाना पुलिस ने एक फर्जी डॉक्टर को लोगों के साथ ठगी करने के मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा पकड़ा गया कालू खान उर्फ मोहम्मद फारूख उर्फ डॉक्टर मर्चेंट है। आरोपी के पास से पुलिस ने ठगी की राशि 6 लाख रुपए बरामद कर लिए हैं। बदमाश ने पूछताछ में बताया कि उसने जयपुर शहर में एक दर्जन से ज्यादा वारदात की है। मालपुरा गेट थाना पुलिस ने संबंधित थानों को आरोपी के गिरफ्तार होने की सूचना दे दी है। यह बदमाश राह चलते बुजुर्ग व उम्र दराज लोगों को अपनी बातों में फंसा कर ठगी करता था।

इस संबंध में डीसीपी ईस्ट ज्ञानचंद यादव ने बताया कि 30 नवंबर को पीड़ित उमेश कुमार खत्री ने मामला दर्ज कराया कि आरोपी ने पीड़ित के घुटनों में खराब खून भरा होने का हवाला दे कर इलाज के नाम पर छह लाख रुपए ठग लिए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी को गिरफ्तार किया है।



**पुलिस ने** कोर्ट के आदेश पर इस्तगासे दर्ज **किया मामला**

## बालमुकुंदाचार्य पर ST-SC एक्ट में केस

**बेधड़क** | जयपुर

मा शहर में अवैध नॉनवेज की थड़ियों पर कार्रवाई को लेकर चर्चा में आए नवनिर्वाचित विधायक बालमुकुंदाचार्य के खिलाफ करधनी थाने में जमीन पर कब्जा, मारपीट और जाति सूचक गाली-गलौच करने का मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर इस्तगासे के जरिए मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में करधनी निवासी सूरजमल रैगर ने रिपोर्ट दी है। इस संबंध में परिवादी ने थाने में शिकायत दी थी।



“ मैं कभी मौके पर नहीं गया, जो आरोप लगाए गए हैं, वो झूठे हैं। वहां पर मेरे पिता की जमीन पर शिकायतकर्ता ने खुद 15 फुट से ज्यादा कब्जा कर लिया। विरोधी ऐसे ही झूठा प्रचार करा रहे हैं।

**बालमुकुंदाचार्य,** विधायक, हवामहल

### बैठक में की केंद्रीय स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा

**जयपुर।** भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव सुधांश पंत ने कहा कि केन्द्र प्रवर्तित स्वास्थ्य योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर राजस्थान ने स्वास्थ्य मानकों में सुधार किया है। पंत शनिवार को स्वास्थ्य भवन में प्रदेश में संचालित केन्द्र प्रवर्तित स्वास्थ्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा कर रहे थे। अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे निचले स्तर तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए हर स्तर पर प्रभावी मॉनिटरिंग करें।

15 से बदलेगा मौसम, मावठ के आसार

# सुबह कोहरा, दिन मे रही धूप और शाम को ठंडी हवाओं ने बढ़ाई सर्दी

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी जयपुर में शनिवार को मौसम के तीन अलग अलग रूप देखने को मिले। शहर सुबह कोहरे की चादर में लिपटा रहा। दोपहर में खिली धूप ने लोगों को सर्दी से मामूली राहत दिलाई।

शाम होते-होते चली ठंडी हवाओं से लोगों की कपकंपी छूटने लगी। जयपुर में न्यूनतम तापमान की बात करें तो शनिवार को यहां पारा स्थिर रहा। शनिवार को राजधानी में न्यूनतम तापमान 12.9 रहा। शुक्रवार को यहां न्यूनतम तापमान 12. 8 रहा था।

मौसम विभाग की रिपोर्ट को माने तो राजधानी में 15 दिसंबर के बाद मौसम करवट लेगा। रात दिन के पारे में उतार चढ़ाव रहेगा, जिससे सर्दी बढ़ने के आसार है। इधर, सर्दी बढ़ने कारण ठंड से बचाव के लिए लोगों को दिनभर गर्म कपड़ों से लदे रहना पड़ा। जयपुर जिले में दिनभर ठिठुरन का अहसास हुआ। कई जगहों पर सर्दी से बचाव के लिए लोगों को अलाव का सहारा लेना पड़ा।



#### बाजारों में ऊनी वस्त्रों की मांग बढ़ी

मौसम विभाग ने राजधानी जयपुर सहित विभिन्न शहरों में 15 दिसंबर के बाद सर्दी बढ़ने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार इस दौरान मावठ हो सकती है। शनिवार को दिनभर सूरज और बादलों के बीच लुकाछुपी का खेल चलता रहा। दिन में धूप सुहानी लगने लगी है। शहर के बाहरी इलाकों में भी सर्दी का असर देखने को मिल रहा है। यहां अलाव भी जलने शुरू हो गए हैं। इसके साथ ही बाजारों में ऊनी वस्त्रों की मांग भी बढ़ गई है। यहां विभिन्न वैराइटियों के कपड़े मिल रहे है। वहीं, इस बार शहर में कई जगहों पर अस्थाई दुकानें लगी हुई है।

#### मौसम शुष्क रहने से बढ़ रही ठंड

राजधानी में मौसम शुष्क होने के साथ ही तीन दिन से लगातार सर्दी का असर बढ़ता जा रहा है। सर्दी की कारण जनजीवन प्रभावित होने लगा है। आगामी दिनों में तापमान में लगातार गिरावट होगी। मौसम विभाग के अनुसार इस सप्ताह मौसम शुष्क रहने के साथ सर्दी तेज होगी। रविवार तक राजस्थान में मौसम शुष्क रहेगा। हवाएं चलने के कारण तापमान में गिरावट आएगी। इसके असर से सर्दी बढ़ जाएगी।

## ‖ जरूरी खबर ‖

### कांग्रेस सांसद साहू के खिलाफ भाजपा ने किया प्रदर्शन



**टोंक।** झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकाने पर 300 करोड़ रुपए से अधिक राशि मिलने पर भाजपा की ओर से सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति के नीचे प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराणा ने कहा कि लूट-खसोट करना कांग्रेस के नस-नस में है। आयकर विभाग के छापे में झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों से बरामद 300 करोड़ रुपए से अधिक राशि इसका जीता-जागता उदाहरण है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राजेंद्र पराणा, भाजयुमो प्रदेश महामंत्री चंद्रवीर सिंह, जिला महामंत्री विष्णु शर्मा, प्रभु बाडोलिया, जिला उपाध्यक्ष हंसराज धाकड़, जिला मंत्री गणपत पहाड़िया सहित अन्य मौजूद रहे।

### कार पलटने से अमेरिकी पर्यटक की मौत, दो घायल

**दौसा।** जिले में शनिवार को कार पलटने से अमेरिका के एक पर्यटक की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार अमेरिका के कैलिफोर्निया निवासी एलिजाबेथ (25) अपने एक भारतीय मित्र के साथ सवाई माधोपुर से दिल्ली जा रही थी। जयपुर-दिल्ली एक्सप्रेसवे पर ओवरटेक करते समय उनकी कार पलट गई। हादसे में घायल अमेरिकी पर्यटक को जयपुर रेफर किया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे उसका दोस्त और कार चालक घायल हो गए।

### बीईईओ ने किया राजकीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण



**निवाई।** ग्राम पंचायत मूंडिया के राजकीय विद्यालयों में शनिवार को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हरिनारायण मीना ने आकस्मिक निरीक्षण किया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दतवास में भी लैब का निरीक्षण किया। यहां सभी व्यवस्थाए संतोषप्रद मिली। वहीं राजकीय प्राथमिक विद्यालय ढाणी नाडला में एमडीएम अव्यवस्थित पाया और कैस बुक वाउचर व्यवस्थित नहीं थे। इस दौरान विद्यार्थी भी अनुशासित मिले। बच्चों से वर्णमाला, एबीसीडी व पुस्तक पढ़ाई करवाई गई तो बच्चों ने संतोषपूर्वक जवाब नहीं दिया।

उपराष्ट्रपति ने बांसवाड़ा के गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों के साथ किया संवाद

# शिक्षा ही समाज में बदलाव लाने का सशक्त माध्यम: धनखड़

**बेधड़क** | बांसवाड़ा



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि समाज में परिवर्तन लाने के लिए शिक्षा सबसे सशक्त माध्यम है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि तकनीक को अपनाने में भारतीय प्रतिभा का दुनिया में कोई मुकाबला नहीं है।

उपराष्ट्रपति ने बांसवाड़ा के गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों के साथ संवाद में यह बात कही। शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए धनखड़ ने कहा कि समाज में परिवर्तन लाने के लिए शिक्षा सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर ने जो इतना बड़ा करिश्मा करके दिखाया उसका आधार शिक्षा ही था। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान करते हुए कहा कि विद्यार्थी शिक्षा को एक ऐसा माध्यम बनाएं, एक ऐसा सकारात्मक हथियार बनाएं कि वे स्वयं उस बदलाव का केंद्र बन सकें जो बदलाव वे देखना चाहते हैं। धनखड़ ने कहा कि तकनीकी को अपनाने में भारतीय प्रतिभा का दुनिया में कोई मुकाबला नहीं है। उन्होंने इस संदर्भ में डिजिटल लेन-देन में भारत की अग्रणी स्थिति का भी जिक्र किया।

महिला आरक्षण विधेयक का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय संसद ने यह विधेयक पारित करके इतिहास रच दिया। उन्होंने कहा कि इस विधेयक से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एक तिहाई महिलाओं की भागीदारी मिलेगी। यह आरक्षण सामाजिक समानता को सुनिश्चित करेगा।

### भारत उठा रहा 'ग्लोबल साउथ' की आवाज

एक छात्रा के प्रश्न का उत्तर देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत 'ग्लोबल साउथ' की आवाज सशक्त तरीके से उठा रहा है। धनखड़ ने कहा कि कुछ समय पहले देश में भ्रष्टाचार का बोलबाला था। सरकारी दफ्तरों में दलालों का बोलबाला था, सत्ता के गलियारे दलालों से भरे पड़े थे जो निर्णयों को प्रभावित करते थे। वे सब गायब हो गए हैं और सत्ता के गलियारों को दलालों से मुक्त कर दिया गया है। इससे पहले धनखड़ ने अपनी पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ के साथ माता त्रिपुरा सुंदरी के ऐतिहासिक मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना भी की।

### गहन चिंतन के बाद कानूनों में हो रहा बदलाव

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि अंग्रेजों ने जो कानून बनाए अपनी सहूलियत के लिए बनाए, स्थानीय जनता और जनजातियों को काबू करने के लिए बनाए। अपने तंत्र को बचाने के लिए बनाए। बहुत गहन चिंतन के बाद अब सरकार इनमे तीन बदलाव करने जा रही है। उन्होंने कहा कि जुलाई 2022 में देश में एक ऐतिहासिक बदलाव देखने को मिला जब एक आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू को भारत का राष्ट्रपति चुना गया। उन्होंने आगे कहा कि संविधान निर्माताओं की आत्मा को यह देख कर कितना सुकून मिला होगा जब एक आदिवासी समाज से आने वाली महिला को भारत का प्रथम नागरिक चुना गया।

चुनाव के बाद पहली बार जोधपुर पहुंचे गजेंद्र सिंह शेखावत

# हमारा नेता कैसा हो... पर बोले 20 साल हो गए तुम्हारा नेता बने

**बेधड़क** | जोधपुर

जोधपुर लोकसभा क्षेत्र से लगातार दो बार सांसद रहे केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत राजस्थान में मुख्यमंत्री की रेस में सबसे आगे चल रहे हैं। शेखावत विधानसभा चुनाव के बाद शनिवार को दिल्ली से जोधपुर पहुंचे तो उन्होंने समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान एक अजब वाकिया भी हुआ।

कार्यकर्ताओं ने शेखावत के स्वागत के दौरान नारा लगाया, हमारा नेता कैसा हो...। इस पर गजेन्द्र सिंह शेखावत बोल पड़े की तुम्हारा नेता बने हुए 20 साल हो गए। यह कहते समय खुद गजेन्द्र सिंह भी अपनी हंसी नहीं रोक पाए। वहीं, मौके पर मौजूद लोग भी हंसते हुए नजर आए। इस वाकये का वीडियो सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि, ये बात कहते कि हुए शेखावत कार में सवार होकर काजरी के लिए रवाना हो गए। जहां पर उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित प्रधानमंत्री विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शिरकत की। केंद्रीय मंत्री शेखावत इंडिगो की फ्लाइट से दिल्ली से जोधपुर पहुंचे। एयरपोर्ट पर प्रशासनिक अधिकारियों ने उनकी अगुवानी की। इस दौरान एयरपोर्ट के बाहर काफी संख्या में उनके समर्थक और भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। उन्होंने माल्यार्पण और पुष्पवर्षा के साथ शेखावत का स्वागत किया। शेखावत सभी से मिले और कार्यकर्ताओं व समर्थकों को प्रदेश में भाजपा की जीत पर बधाई दी।



### इन कार्यक्रमों में हुए शामिल

राजस्थान में विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद केंद्रीय मंत्री शेखावत जोधपुर पहुंचे तो भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। गजेंद्र सिंह जोधपुर में होने वाले कई कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले शनिवार सुबह 9 बजे जोधपुर काजरी परिसर में कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित प्रधानमंत्री विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में भाग लिया। इसके बाद उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जोधपुर की 8 विधानसभा सीटों पर हुई जीत की खुशी भी मनाई। इस दौरान शेखावत ने कहा कि प्रदेश की जनता पांच साल में कांग्रेस के कुराज से त्रस्त हो चुकी है। ऐसे में जनता ने भाजपा में विश्वास जताया है।

### सीएम की रेस में शेखावत का नाम

गौरतलब है कि राजस्थान में सीएम की रेस में गजेंद्र सिंह शेखावत का नाम भी चर्चा में है। वे पीएम मोदी के पसंदीदा नेताओं में से एक हैं। 3 अक्टूबर 1967 को जन्मे गजेंद्र सिंह शेखावत मूलरूप से झुंझुनूं के रहने वाले हैं, लेकिन उनका लोकसभा क्षेत्र जोधपुर है। वे यहां से लगातार दो बार सांसद चुने गए हैं। गजेंद्र सिंह शेखावत विधायक नहीं है, लेकिन उन्होंने कई नेताओं को टिकट दिलाने और राजस्थान में बीजेपी को जिताने में अहम भूमिका निभाई है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत शनिवार को जोधपुर पहुंचे। यहां एयरपोर्ट के बाहर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया और उनके स्वागत में नारे लगाए। शेखावत का शनिवार सुबह हुआ यह स्वागत चर्चा का विषय बन गया।

पांच लाख साल पुराने होने का अनुमान

## खुदाई में मिले औजार और हथियार आदिमानव सभ्यता होने के प्रमाण



**बेधड़क** | जैसलमेर

जिले से करीब 30 किमी दूर काक नदी के किनारे आदिमानव सभ्यता होने के प्रमाण मिले हैं। दरअसल कुछ साल पहले यहां और आस-पास के इलाकों से पत्थरों के औजार और हथियार मिले थे, इसके बाद से लगातार यहां खोजबीन की जा रही है। जैसलमेर जिले में पुरातत्व विभाग द्वारा की जा रही खुदाई में मिले औजार और हथियार करीब पांच लाख साल पुराने माने जा रहे हैं।

वरिष्ठ पुरातत्वविद् और आदिमानव सभ्यता के विशेषज्ञ डॉ. नारायण व्यास के अनुसार खुदाई में पत्थर की कुल्हाड़ी और स्क्रेपर आदि मिलने से अंदाजा लगाया जा सकता है कि आदिमानव सभ्यता के विकास क्रम में जैसलमेर मौजूद रहा है। दरअसल कुछ साल पहले भी यहां और आस-पास के इलाकों में पुराने पत्थर और औजार मिले थे। इस बार की खोज में मिले पत्थरों के औजार और हथियारों से जैसलमेर में आदिमानव की मौजूदगी पुख्ता हो गई है।

पुरातत्वविद डॉ. नारायण व्यास ने बताया कि इन औजारों और हथियारों के मिलने से साबित होता है कि यहां आदिमानव की गुफाएं भी मौजूद रही होंगी जो कि भूगर्भीय हलचल व बरसाती पानी से नष्ट हो चुकी हैं। डॉ. व्यास ने बताया कि इस हफ्ते की गई खोज में जो हथियार मिले हैं वे पहले मिले पत्थरों के हथियारों से छोटे हैं। इसका मतलब साफ है कि यह विकास का क्रम है। जैसे-जैसे आदि मानव ने हथियारों का उपयोग किया, अपनी सुविधा के अनुसार हथियार छोटे कर दिए ताकि शिकार करने में घातक रहने के साथ-साथ उनका उपयोग करने में भी आसानी रहे। डॉ. व्यास ने जैसलमेर जिले में आधुनिक तकनीक से पुरातात्विक सर्वेक्षण के महत्व पर जोर दिया।

## पर्वतारोही गिता सामोता को 'गिविंग विंग्स-टू-ड्रीम्स अवॉर्ड' से नवाजा

**बेधड़क** | सीकर



गांव दांतारामगढ़ की रहने वाली सीआईएसएफ सब इंस्पेक्टर गीता समोता को सिविल एविएशन द्वारा प्रतिष्ठित 'गिविंग विंग्स टू ड्रीम्स अवार्ड्स-2023' से नवाजा गया है।

यह सम्मान गीता सामोता को पर्वतारोहण के क्षेत्र में उनकी अनेक उपलब्धियों को हासिल करने के लिए दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन व उड्डयन मंत्रालय मंत्री जनरल वीके सिंह द्वारा दिया गया है। गीता सामोता ने केवल 6 महीने में यूरोप, अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया की चार सबसे ऊंची चोटियों पर फतेह हासिल कर भारतीय महिला पर्वतारोही के रूप में इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया है। इन प्रतिष्ठित शिखरों को फतेह करने में उनके अटूट दृढ़ संकल्प और अद्वितीय उपलब्धि ने विश्व स्तर पर प्रशंसा अर्जित की है। इसके अलावा गीता सामोता अपने पर्वतारोहण कौशल से परे महिलाओं के उत्थान और सशक्तीकरण के प्रति प्रतिबद्धता का उदाहरण प्रस्तुत करती हैं। अपनी चढ़ाई के माध्यम से वह प्रतीकात्मक रूप से उन महिलाओं के प्रति अपनी एकजुटता प्रदर्शित करती है जो बुनियादी आवश्यकताओं तक पहुंचने में चुनौतियों का सामना करती हैं।

## पंचायत में GPDP प्लान की दी जानकारी

**बेधड़क** | निवाई



द हंगर प्रोजेक्ट की ओर से राजीव गांधी सेवा केंद्र महापुरा व तुर्किया में दो दिवसीय आवश्यकता पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इसमें सरपंच, वार्ड पंच व उपसरपंचों ने भागीदारी निभाई। कार्यशाला के आयोजन का मुख्य उद्देश्य जीपीडीपी प्लान-2024 की जानकारी देना था। इसमें आय के स्त्रोत, पंचायत में बजट स्वीकृतियों के प्रकार व ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर ऑनलाइन प्लान अपलोड करने के तरीके बताए गए। फील्ड समन्वयक केदारमल बैरवा ने बताया कि ग्राम पंचायत में जीपीडीपी प्लान-2024 का निर्माण किया जाना है। इसकी अवधि 31 जनवरी 2024 तक है। इस दौरान ग्राम पंचायतों में नियोजन दल के माध्यम से 10 चरणों में जीपीडीपी प्लान-2024 को तैयार करना है। सरकार के दिशा निर्देशों के आधार पर 9 थीम को ध्यान में रखते हुए तीन संकल्पों का चुनाव करना है। इसमें प्रमुख रूप से गरीबी मुक्त पंचायत, बाल हितेषी व महिला हितैषी संबंधित कार्यों की प्राथमिकता तय करनी है। बजट पर जानकारी देते हुए बताया की पंचायत में आय के लिए राज्य वित्त आयोग, केंद्रीय वित्त आयोग, निजी आय, विधायक व सांसद मद, मनरेगा व स्वच्छ भारत मिशन सहित कई स्त्रोत हैं।

उन्होंने प्रशासनिक, भौतिक व वित्तीय स्वीकृति के बारे में जानकारी दी। फिल्ड ट्रेनर सोनू चौधरी ने बताया की महिला जनप्रतिनिधियों को अपने नेतृत्व व कुशलता से जीपीडीपी प्लान को सशक्त बनाना है। महिला आधारित मुद्दों को प्राथमिकता से शामिल करवाना है।

राष्ट्रीय लोक अदालत में सहमति से समझौते

# परिजनों को मिला दुर्घटना क्लेम, रूठे जोड़े को मिलवाया

**बेधड़क** | कोटा



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की और से राष्ट्रीय लोक अदालत में कई ऐसे मामलों का निपटारा हुआ जो जिनका वर्षों से कोई फैसला नहीं हो सका था। अधिकांश मामलों को आपसी सहमति और समझाइश से निपटाया गया। इसमें कई बिछड़े जोड़े फिर से मिल गए तो वहीं क्लेम के कइ मामले भी सुलझाए गए।

कोर्ट परिसर के एडीआर भवन मे आयोजित लोक अदालत में सभी तरह के राजीनामे योग्य 20810 मामले व प्रीलिटिगेशन के 46836 मामले सुनवाई के लिए रखे गए। इनमें 9906 लंबित मामले व राजस्व प्रकरणों सहित प्रीलिटिगेशन के 32945 मामले मिलाकर कुल 42851 मामले निस्तारित किए गए। इनमें विशेष रूप से चेक अनादरण, बैंक वसुली, मोटरवाहन दुर्घटना, पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद, बिजली, पानी व मोबाइल के बिल मजदूरी व पैंशन संबंधी व अन्य सहित मामले सूचीबद्ध किए गए थे। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण क्रम-1 के कुल 101 मामले रखे गए। जिनमें से 15 प्रकरणो का निस्तारण राजीनामे के आधार पर हुआ। इन प्रकरणो में कुल 1 करोड़ 90 लाख 61 हजार रूपए की राशि संबंधित अधिकरण में लम्बित भिन्न याचिकाओं, वसूली प्रार्थना पत्रो को राजीनामे के आधार पर दिलवाई गई।

जबकि मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण क्रम-2 के 97 प्रकरण राष्ट्रीय लोक अदालत में रखे गये थे, जिनमें से 21 प्रकरणो का निस्तारण आपसी समझाइश एवं राजीनामे द्वारा किया गया। 1 करोड़ 53 लाख 10 हजार रूपए की रकम अधिकरण में लम्बित भिन्न-भिन्न याचिकाओं तथा वसूली प्रार्थना पत्र के प्रार्थियों को राजीनामे के आधार पर दिलवाई गई।

### सड़क दुर्घटना के क्लेम पर बनी सहमति

सड़क दुर्घटना के एक साल पुराने मामले में मृतका के परिजनों को 71 लाख का क्लेम पारित किया गया। राजस्थान पुलिस में हेड कांस्टेबल के पद कार्यरत सुषमा जाखड़ की 14 सितंबर 2022 को एक्सीडेंट में मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने बीमा कंपनी में क्लेम किया था। मामला एमएसीटी कोर्ट में पहुंचा। लोक अदालत में दोनों पक्षो में सहमति के बाद 71 लाख पर राजीनामा कर मामले का निस्तारण किया गया।

### अलग रह रहे पति-पत्नी आए साथ

पारिवारिक न्यायालय में आपसी समझाइश से मामलों का निस्तारण किया गया। इसके तहत एक पति-पत्नी जो अलग रहे थे उन्हें वे फिर से साथ रहने को राजी हो गए। लक्ष्मी व हेमराज की साल 1994 में शादी हुई थी। दोनों से तीन बच्चे है। बेटी 17 साल की है। मनमुटाव के चलते पति पत्नी लंबे समय से अलग अलग रह रहे थे। मामला कोर्ट में चल रहा था। साल 2017 में कोर्ट ने भरण पोषण राशि देने का आदेश सुनाया। लोक अदालत में सुनवाई के दौरान बच्चों के भविष्य को देखते हुए राजीनामे के आधार पर दोनों में समझौता हुआ।

धौलपुर में बजरी माफिया की करतूत

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने मासूम को कुचला

**बेधड़क** | धौलपुर

जिले में शनिवार शाम सदर थाना क्षेत्र के दुबरा गांव में बजरी से भरे ट्रैक्टर की चपेट में आने से 6 साल की मासूम की मौत हो गई। ट्रैक्टर की चपेट में आने से मासूम की मौत के बाद ग्रामीण ने मौके पर बजरी से भरे ट्रैक्टर को पकड़ लिया। इस दौरान ट्रैक्टर चालक मौके से भाग निकला।

घटना के बाद परिजन मृतक मासूम के शव को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। मृतक के ताऊ शक्ति सिंह ने बताया कि मासूम बालिका साक्षी (6) पुत्री रविंद्र जाटव शाम को अपने घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार में आते चंबल की बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने मासूम बालिका को अपनी चपेट में ले लिया। इसके चलते उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली को अपने कब्जे में ले लिया। सदर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि पुलिस ने फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर रही है। उधर बजरी माफियाओं का कर कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। बजरी माफिया कभी भी दुर्घटनाओं को अंजाम देकर बैखोफ फरार हो जाते हैं। जिला पुलिस बजरी माफियाओं पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है। इसके चलते आमजन में पुलिस की कार्यशैली को लेकर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं।

**विधि पंचवर्षीय महाविद्यालय में मूट कोर्ट:** देशभर की 40 टीमें ले रही भाग, अब दो दिन कैंपस में चलेगी अदालत

# कानूनी पेशे में नैतिकता, शिक्षा व उत्कृष्टता जरूरी: बिंदल

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय के विधि पंचवर्षीय महाविद्यालय में 11वीं यूएफवाईएलसी-रांका मूट कोर्ट प्रतियोगिता शनिवार को शुरू हुई।

विधि पंचवर्षीय महाविद्यालय की ओर से रांका पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट, जयपुर के सहयोग से आयोजित इस तीन दिवसीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह आर.ए. पोदार संस्थान सभागार में आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय विधि पंचवर्षीय महाविद्यालय के निदेशक डॉ. अखिल कुमार ने सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश बिंदल ने कानूनी पेशे में नैतिकता, शिक्षा व उत्कृष्टता की आवश्यकता पर चर्चा की।

विशिष्ट अतिथि राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अवनीश झिंगन ने विद्यार्थियों से कहा कि वकालत में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत आवश्यक है। राजस्थान विश्वविद्यालय के विधि संकाय की अधिष्ठाता डॉ. संजुला थानवी ने छात्रों को सफल विचार-विमर्श के टिप्स दिए।

अध्यक्षीय भाषण देते हुए राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने समाज में कानून और अधिवक्ताओं की भूमिका पर चर्चा की। रांका पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट, जयपुर के संरक्षक न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) जेके रांका ने पूर्व में आयोजित प्रतियोगिताओं की यादें साझा कीं।




### पर्यावरणीय मुद्दों पर आधारित रहेगा मूट कोर्ट

विश्वविद्यालय विधि पंचवर्षीय महाविद्यालय के सहनिदेशक डॉ. संदीप सिंह ने बताया कि मूट कोर्ट पर्यावरण से संबंधित समसामयिक कानूनी मुद्दों पर केंद्रित रहेगा। आयोजन में विभिन्न राज्यों की कुल 40 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता में दो प्रारंभिक राउंड, क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल राउंड शामिल हैं जो तीन दिनों की अवधि में आयोजित किए जाएंगे। प्रारंभिक दौर में प्रत्येक टीम को दोनों पक्षों से बहस करनी होगी और क्वार्टर फाइनल के लिए 8 सर्वश्रेष्ठ टीमों का चयन किया जाएगा, इनमें से चार सर्वश्रेष्ठ टीमों को सेमीफाइनल के लिए चुना जाएगा और दो सर्वश्रेष्ठ टीमों को सेमीफाइनल के लिए चुना जाएगा। फाइनल विजेता टीम, उपविजेता और सर्वश्रेष्ठ स्मारक को क्रमशः 15 हजार, 11 हजार व 6 हजार रुपए के नकद पुरस्कार व प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। याचिकाकर्ता और प्रतिवादी दोनों पक्षों की ओर से सर्वश्रेष्ठ छात्र अधिवक्ता को 4 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

**Yuva स्टोरीज**

## प्रदेश के सरकारी स्कूलों में मनाया 'लैब डे'



**बेधड़क** | नई दिल्ली।

प्रदेश के राजकीय विद्यालयों में शनिवार को 'नो बैग डे' की एक्टिविटी के तहत 'लैब डे' का आयोजन किया गया। स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से विद्यालयों में प्रयोगशालाओं के व्यवस्थित, नियमित, सुचारू एवं प्रभावी संचालन से विद्यार्थियों के सीखने की प्रक्रिया में निखार लाने के लिए 'लैब डे' के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विभाग के राज्य, संभाग, जिला और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने विद्यालय की भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, भुगोल, जीवविज्ञान, कम्प्यूटर लैब, गृह विज्ञान, व्यवसायिक शिक्षा की लेब (प्रयोगशालाओं) का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उपकरणों की उपलब्धता, उपकरणों के रख रखाव, बच्चों के प्रायोगिक रिकॉर्ड, प्रायोगिक कार्यों की सूची उपलब्ध संसाधन, उपकरणों, अलमारी व रसायनों पर लेबलिंग, प्रायोगिक विषयों की समय सारणी, सामग्री का स्टॉक पंजिका में इन्द्राज, सुरक्षा मापदंडो का प्रदर्शन इत्यादि गतिविधियों को जांचा गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियो ने प्रोजेक्ट कार्य, सांइस प्रोजेक्ट आदि का प्रदर्शन भी किया। शामन सचिव नवीन जैन ने बताया कि 'लैब डे' मनाने का उद्देश्य प्रदेश के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में संचालित प्रयोगशालाओं के माध्यम से प्रभावी शिक्षण एवं विद्यार्थियों के लिए सीखने के अवसरों में वृद्धि करना है।

## दिल्ली में उच्च शिक्षा लैंगिक समानता सूचकांक में गिरावट



**बेधड़क** | नई दिल्ली

अर्थशास्त्र और सांख्यिकी निदेशालय द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार दिल्ली में उच्च शिक्षा में लैंगिक समानता सूचकांक घटकर 2020-21 में 1.04 हो गया, जो 2018-19 में 1.16 था। लैंगिक समानता सूचकांक (जीपीआई) को शिक्षा के एक निश्चित चरण में नामांकित महिलाओं और पुरुषों की संख्या के अनुपात के रूप में परिभाषित किया गया है।

'दिल्ली में महिला और पुरुष 2023' रिपोर्ट के अनुसार, सूचकांक आदर्श रूप से 0.97 और 1.03 के बीच होना चाहिए। हालांकि, दिल्ली में महत्वपूर्ण शैक्षिक कार्यक्रमों में प्रति 100 छात्रों पर छात्राओं की संख्या में वृद्धि देखी गई है। वर्ष 2012-13 और 2020-21 में विभिन्न उच्च शिक्षा पाठ्यक्रमों में दर्ज आंकड़ों की तुलना करने पर, यह देखा गया कि पीएचडी में लैंगिक समानता सूचकांक 0.84 से बढ़कर 0.9, स्नातकोत्तर में 0.73 से 1.02, स्नातक में 1.03 से 1.11, पीजी डिप्लोमा में 0.51 से 0.73 और शिक्षा के नियमित माध्यम में डिप्लोमा कार्यक्रम में 0.53 से 0.84 हो गया। दिल्ली में कुल छात्रों में से लगभग 90.1 प्रतिशत ने तकनीकी या व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की तुलना में सामान्य पाठ्यक्रम को चुना, जिसमें 2017-18 के दौरान 92 प्रतिशत पुरुष और 88.1 प्रतिशत महिलाएं शामिल थीं।

**ऑनलाइन शिक्षा निदेशालय का दीक्षांत समारोह**

# मणिपाल यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स को मिली डिग्री



**बेधड़क** | जयपुर

मणिपाल विश्वविद्यालय जयपुर का ऑनलाइन शिक्षा निदेशालय के अंतर्गत ऑनलाइन डिग्री प्रोग्राम का पहला दीक्षांत समारोह शनिवार को आयोजित किया गया।

समारोह में 2022-2023 बैच के कुल 969 विधार्थियों को डिग्री से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मनी कंट्रोल के मैनेजिंग एडिटर डॉ. नलिन मेहता व यूनेक्स्ट लर्निंग प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ अंबरीष सिन्हा शामिल हुए। पहले दीक्षांत समारोह में प्रबंधन एंव आईटी विषय क्षेत्रों में एमबीए और एमसीए के 969 विधार्थियों ने मुख्य अतिथि के हाथों से डिग्री ली। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत अकादमिक पद संचालन के साथ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि व गेस्ट ऑफ ऑनर के साथ मणिपाल विश्वविद्यालय जयपुर के प्रेसिडेंट प्रो. गोपाल कृष्ण प्रभु, प्रो-प्रेसिडेंट प्रो. जवाहर मल, कुलसचिव प्रो. नीतू भटनागर, ऑनलाइन शिक्षा निदेशालय के निदेशक डॉ. मल्लिकार्जुन गड्डुपा, परीक्षा नियंत्रक दासरी नागराजु, उप परीक्षा नियंत्रक डॉ. पूजा शर्मा, समस्त कार्यक्रम एवं पाठ्यक्रम समन्वयक शामिल थे।



राष्ट्रगान के साथ प्रारम्भ हुए इस कार्यक्रम मे विश्वविद्यालय का कुलगीत का भी गायन हुआ। इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर भी किया गया ताकि इस कार्यक्रम को वह छात्र और अभिभावक भी देख सकें जो किन्हीं कारणों से इस समारोह में सम्मिलित नहीं हो पाए।



### ऑनलाइन प्रोग्राम से मिलती है स्वतंत्रता

अपने संबोधन भाषण में प्रो. प्रभु ने विगत वर्षों में विश्वविद्यालय की महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऑनलाइन डिग्री प्रोग्राम्स उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त करने का एक माध्यम प्रदान करते हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों में कॅरियर के लिए उपयुक्तता बढ़ाता है। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. मेहता ने दीक्षांत समारोह में सभी विद्यार्थियों को उनकी कड़ी मेहनत और लगन से प्राप्त करने वाले उपाधियों के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि समय और स्थान की बचत ऑनलाइन डिग्री प्रोग्राम्स छात्रों को खुद के अनुसार समय और स्थान की चयन करने की स्वतंत्रता प्रदान करते हैं, जिससे वे अपने अन्य कार्यों को संतुलित कर सकते हैं। गेस्ट ऑफ ऑनर सिन्हा ने कहा कि ऑनलाइन डिग्री प्रोग्राम्स उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त करने का एक माध्यम प्रदान करते हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों में कॅरियर के लिए उपयुक्तता बढ़ाता है। ऑनलाइन शिक्षा निदेशालय के निदेशक डॉ. गड्डुपा ने कहा कि डिजिटल युग के साथ ऑनलाइन शिक्षा डिजिटल युग में शिक्षा के साथ अनुरूप है, जिससे छात्रों को नवीनतम तकनीकी और डिजिटल कौशलों का स्वाधीनता से परिचित कराया जा सकता है।

# स्टूडेंट्स ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा



**बेधड़क** | जयपुर

कंवर नगर, ब्रह्मपुरी स्थित श्री राधा गोविन्द राजकीय महाविद्यालय के स्टूडेंट्स ने अपनी विभिन्न प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ एवं साहित्यिक व सांस्कृतिक समिति के संयुक्त तत्वावधान महिला संबलन तथा साहित्य-सांस्कृतिक उन्नयन के तहत 5 से 9 दिसंबर तक विविध प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। पाठ्य सहगामी क्रियाओं के तहत आयोजित इस गतिविधि सप्ताह में महिला प्रकोष्ठ की ओर से सलाद-सज्जा, रंगोली, मेहन्दी एवं अनुपयोगी वस्तु से उपयोगी वस्तु बनाना आदि प्रतियागिताएं आयोजित हुईं। इसी प्रकार साहित्यिक व सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आशु भाषण, निबंध, एकल गायन एवं काव्य पाठ का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के संकाय सदस्य विवेक कुमार चूलेट, डॉ. अजीत सिंह चौधर, डॉ. संजय शर्मा, डॉ. सुनील शर्मा, डॉ. जितेंद्र लोढ़ा एवं महेश मीणा आदि ने निर्णायक व व्यवस्थार्थ भूमिका निभाकर प्रतियोगिताओं की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महिला प्रकोष्ठ की संयोजक प्रो. रजनी मीणा एवं साहित्यिक व सांस्कृतिक समिति की संयोजक प्रो. नीलम शर्मा ने सभी सहभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए आभार जताया। समग्र साप्ताहिक गतिविधियों का संयोजन व संचालन महाविद्यालय की एसोसियेट प्रो. ललिता शर्मा ने किया।

### वार्षिकोत्सव में सम्मानित होंगे विजेता

महाविद्यालय प्राचार्या प्रो. सुमन भाटिया ने बताया कि सलाद-सज्जा व आशु भाषण में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा शबाना बानो प्रथम रही। मेहन्दी प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की खुशी सैनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार रंगोली प्रतियोगिता में काजल बाथम एवं साक्षी जैमन आदि के समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लक्ष्मी खत्री ने अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी वस्तु बनाने की प्रतियोगिता में अव्वल स्थान प्राप्त किया। एकल गायन में बीए द्वितीय वर्ष के छात्रा गिरीश गुर्जर ने एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष के छात्र सुधांशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतियोगिताओं के प्रथम तीनों स्थानों पर रहे छात्र-छात्राओं को वार्षिकोत्सव पर महाविद्यालय स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा।



**कॉन्वोकेशन** | **पूर्णिमा यूनिवर्सिटी का दीक्षांत समारोह**

# स्टूडेंट्स और पेरेन्ट्स के लिए गौरव के पल लाई डिग्री

**बेधड़क** | जयपुर

स्टूडेंट्स को जब अपने पेरेंट्स की मौजूदगी में डिग्री मिली तो यह पल स्टूडेंट्स और पेरेंट्स दोनों के लिए गौरव का पल बन गया। मौका था शनिवार को पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के 10वें दीक्षांत समारोह का। लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार सिंह समारोह के मुख्य अतिथि थे। इस दौरान यूनिवर्सिटी के 665 स्टूडेंट्स को डिग्री प्रदान की गई। इनमें 17 पीएचडी, 18 एमटेक, 101 एमबीए, 49 एमसीए, 123 बीटेक, 91 बीबीए, 34 बीकॉम, 52 बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर, 105 बीसीए, 22 बैचलर ऑफ डिजाइन, 24 बीएससी और 14 मास्टर ऑफ प्लानिंग की डिग्रियां शामिल थीं।



### अचीवर्स हुए सम्मानित

कार्यक्रम में विभिन्न कोर्सेज के एकेडमिक अचीवर्स को भी गोल्ड व सिल्वर मैडल से सम्मानित किया गया। बीटेक की हृतिका अग्रवाल को चांसलर्स गोल्ड मैडल और एमसीए की मुस्कान अग्रवाल को एसईएस गोल्ड मैडल प्रदान किया गया, जबकि बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर के अमन अग्रवाल को ली कोर्बुजिए गोल्ड मैडल से सम्मानित किया गया। इनके अलावा 25 अन्य एकेडमिक टॉपर्स को भी मैडल प्रदान किए गए।आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन देओशंकर त्रिपाठी, आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स लिमिटेड के सीईओ सुधीर होशिंग, यूनिचार्म इंडिया के एमडी विजय चौधरी और एक्साइड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सीएचआरओ रंजन सरकार को भी सम्मानित किया गया।

### 'नेशन फर्स्ट' की भावना के साथ आगे बढ़ें युवा

मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार सिंह ने स्टूडेंट्स को मोटिवेट करते हुए सिलेबस के साथ-साथ अन्य पुस्तकें पढ़ने पर जोर दिया। उन्होंने युवाओं से नेशन फर्स्ट के सिद्धांत का अनुसरण करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना हर संभव योगदान देने की अपील की। साथ ही जीवन में पॉजिटिव माइंडसेट, ग्रेटीट्यूड व अपस्किलिंग की महत्ता भी बताई। पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन शशिकांत सिंघी ने डिग्री प्राप्त करने वाले सभी स्टूडेंट्स को उज्जवल भविष्य की शुभकामना देते हुए उन्हें अपने इनोवेशन के जरिए वे समाज में अहम योगदान देने के लिए प्रेरित किया। शुरुआत में यूनिवर्सिटी के प्रेसीडेंट डॉ. सुरेश चंद्र पाढ़ी ने स्वागत भाषण दिया और उन्होंने यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट प्रस्तुत की। यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार डॉ. चांदनी कृपलानी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### आचार्य बालकृष्ण को दी मानद उपाधि

इस अवसर पर पतंजलि आयुर्वेद के चेयरमेन व एमडी आचार्य बालकृष्ण को मानद उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया गयाआचार्य बालकृष्ण ने अपने प्रेरक शब्दों से युवाओं को अहसास कराया कि आप अपने आप में संपूर्ण और समर्थ हैं, आप जीवन पथ पर चुनौतियों व विषमताओं से डिगें नहीं, बल्कि राह भटके हुए को भी सही राह दिखाने वाले बनें। आप सोश्यल मीडिया व डिजीटल के साधन नहीं बनें, बल्कि इन्हें अपना साधन बनाकर उन्नति के पथ आगे बढें। आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि एक जिम्मेदार व्यक्ति में 'सारा संसार मेरे लिए' के बजाय 'मैं सारे संसार के लिए' का भावना होनी चाहिए।



पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी

## शाश्वत सनातन


*चांगुनारायण मंदिर, नेपाल समुद्र तल से 1,372 से 2,191 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और यह नेपाल का प्रसिद्ध पुरातान तीर्थ स्थल है। इस मंदिर का निर्माण लिच्छवी राजा हरिदत्त वर्मा ने 323 ईसा पूर्व में किया था। चांगुनारायण मंदिर को चंगुनारायण, चम्पक नारायण, और गरुड़ नारायण के नामों से भी जाना जाता है। इस मंदिर का निर्माण धातु, लकड़ी, पत्थर, और ईंटों से हुआ है। यह नेपाल का प्रमुख पर्यटन स्थल भी है और 1969 में यूनेस्को विश्व सम्पदा की सूची में शामिल किया गया है।*

### यूनेस्को की विश्व धरोहरों की सूची में शामिल है नेपाल का यह 2,500 साल पुराना मंदिर

# आस्था और पर्यटन का अनूठा संगम है चांगुनारायण टेंपल



*समुद्र तल से 1,372 से 2,191 मीटर की ऊंचाई पर स्थित चांगुनारायण मंदिर नेपाल के प्रसिद्ध पुरातन तीर्थ स्थलों में से एक है। प्राचीन पुरातात्विक शिला स्तम्भ के रूप में प्रसिद्ध यह मंदिर भक्तपुर जिले में स्थित है। चांगुनारायण मंदिर का निर्माण 323 ईसा पूर्व लिच्छवीकाल के राजा श्री हरिदत्त वर्मा ने करवाया था। यह मंदिर केवल ऐतिहासिक-कलात्मक और धार्मिक दृष्टिकोण से ही नहीं, बल्कि यह नेपाल का प्रमुख पर्यटन स्थल भी है। काठमांडू घाटी में स्थित सात विश्व धरोहरों में से चांगुनारायण मंदिर भी एक है। काठमांडू घाटी में स्थित अन्य मंदिरों में से सबसे प्राचीन इस मंदिर को सन 1969 में यूनेस्को विश्व सम्पदा की सूची में रखा गया है।*



## मंदिर का इतिहास

*चांगुनारायण मंदिर को चंगुनारायण, चम्पक नारायण तथा गरुड़ नारायण आदि नामों से भी जाना जाता है। प्रागैतिहासिक काल में इस मंदिर का क्या नाम था इस विषय में कोई नहीं जानता है। लिच्छवी काल में इस मंदिर का नाम डोला शिखर स्वामी था। इसके पीछे एक कारण यह था, चांगुनारायण मंदिर जिस पहाड़ी पर स्थित है उस पहाड़ी को डोलागिरीर और इस मंदिर के देवता को यहां के लोग पहाड़ी का स्वामी मानते थे। इसलिए इस मंदिर को डोला शिखर कहते थे। मल्ल राजा के शासनकाल को मल्ल काल कहते हैं। इस काल में चांगुनारायण मंदिर का नाम नेपाली भाषा में कथिन था। नेपाली भाषा में 'चाँप' (मजबूत लकड़ी वाली पेड़ वर्ग की एक वनस्पति है।) को 'च' और वन को 'गुं' कहते हैं। बाद में चंगुनारायण शब्द का अपभ्रंश होकर चांगुनारायण हो गया। संस्कृत भाषा में इस मंदिर को चंपक नारायण कहते हैं।*



## नागा नक्काशी से सुसज्जित है प्रवेश द्वार

मुख्य मंदिर के प्रांगण में भगवान शिव, अष्ट मातृका, छिन्नमस्ता, किलेश्वर और कृष्ण के मंदिर भी हैं। मंदिर में चार प्रवेश द्वार हैं और इन द्वारों की सुरक्षा शेर, सरभ, ग्रिफिन और हाथियों जैसे जानवरों के आदमकद जोड़े करते हैं। भगवान विष्णु के दस अवतारों और अन्य मूर्तियों को छत को सहारा देने वाले स्ट्रट्स में उकेरा गया है। प्रवेश द्वार नागा (सांपों) की नक्काशी से सुसज्जित है। मुख्य प्रवेश द्वार (यानी पश्चिमी प्रवेश द्वार) पर, हम एक पत्थर के खंभे के शीर्ष पर चक्र, शंख, कमल और खड़ग हैं। इन पत्थर के खंभों पर संस्कृत में एक शिलालेख है। यह शिलालेख नेपाल का सबसे पुराना शिलालेख माना जाता है और पत्थर शिलालेख स्तंभ 464 ईस्वी में लिच्छवी (राज्य) राजा मनदेव द्वारा बनवाया गया था।

## चांगुनारायण मंदिर की शिल्पकला

चांगुनारायण मंदिर नेपाल की मौलिक शैली पैगोड़ा में बना है। नेपाल में मंदिर निर्माण की मौलिक शैली पैगोडा शैली है। यह मंदिर लिच्छवीकालिन वास्तुकला का नमूना भी है। चांगुनारायण का मंदिर चतुष्कोण आकार का है। यह मंदिर दोमंजिला है। इस मंदिर की निचले मंजिल की छत टायलों से बनी हुई है तथा ऊपरी मंजिल की छत पीतल से बनी चादरों से निर्मित है। दोनों मंजिलों में मझले आकार की खिड़कियां तथा 40 चौकोर आकृति बनी हुई हैं। प्रत्येक आकृति में तीन तरह की मूर्तियां खुदी हुई हैं। पहली मंजिल में भगवान विष्णु के वाहन गरुड़ की पत्थर से बनी मूर्ति है। इस मंजिल में चारों दिशाओं में चार मुख्य द्वार हैं। प्रत्येक



मुख्य द्वार के दायें और बांये एक-एक दरवाजा है, जो नहीं खोला जाता। पश्चिम का मुख्य द्वार प्रायः खुला रखा जाता है। मुख्य द्वार के दायें और बाएं गंगाजी, यमुनाजी तथा अन्य देवी देवताओं की मूर्तियां स्थापित हैं।



## ऐसे हुआ मंदिर का निर्माण

चांगुनारायण मंदिर का निर्माण लिच्छवीकाल में राजा हरिदत्त वर्मा ने किया था, लेकिन लिच्छवीकालीन दूसरे लिच्छवि राजा मानदेव ने विक्रमी संवत 521 (सन 464) में चांगुनारायण मंदिर में गरुड़ जी की मूर्ति स्थापना कर अभिलेख रखा था। उसी समय लिच्छवी राजा मानदेव ने मंदिर के लिए भूमि दान की थी। इस बात का उल्लेख उनके द्वारा चांगुनारायण मंदिर में रखे गए अभिलेख में है। राजा मानदेव ने चांगुनारायण के मंदिर में स्वयं की एवं उनकी पत्नी की मूर्ति भी लगवाई थी। मंदिर निर्माण की सामग्री में धातु का कम तथा लकड़ी पत्थर और ईटों का अधिक प्रयोग किया गया है। धातु का प्रयोग केवल मुख्य द्वार लड़ियों और मंदिर के शीर्ष भाग पर नुकीली शिरा पर ही किया गया है।

## मंदिर का 2017 में किया गया जीर्णोद्वार

समय-समय पर इस मंदिर का जीर्णोद्वार होता रहा है। मध्यकाल में राजा शिव सिंह की रानी गंगारानी और 18वीं शताब्दी की शुरुआत में कांतिपुर नगर के शासक भास्कर मल्ल के शासनकाल में चांगुनारायण मंदिर का जीर्णोद्वार करवाया गया था। 2015 के विनाशकारी भूकंप के कारण मंदिर की ऊपरी छत क्षतिग्रस्त हो गई थी। साथ ही काफी नुकसान भी हुआ था। तत्पश्चात इस मंदिर का जीर्णोद्वार 2017 में करवाया गया।

---

## कविता

### वक्त की नजाकत





डॉ.कांता मीना
शिक्षाविद एवं साहित्यकार

वो आज फिर अपने दाम
बढ़ाकर घटाने लगे हैं
जिनसे मिलने में हमें, जमाने लगे
कल तक उनके दर पर खड़े थे
हम, कतार लगाकर
वक्त की नजाकत तो देखिए,
साहब ! अब वो हमारे घर के
दरवाजे खटखटाने लगे हैं
कल तक जिनके लिए गैर थे
हम, वो आज फिर से
हमें अपना बताने लगे हैं
हकीकत से कोसों दूर रहे,
जो एक अरसे तक
वो आज फिर से
हमें ही जमीनी हकीकत
बताने लगे हैं
बनकर हितैशी कल तक जिन्हें
सपने कोई और दिखाता रहा
वो आज फिर वही
झूठे सपने हमें दिखाने लगे
वो आज फिर अपने दाम
बढ़ाकर घटाने लगे हैं।

---


## शब्दों की सीख

# ब्लैंक DP और नाहट का प्रेम...



महेश कुमार केशरी
बोकारो, झारखंड

नाहट को लड़कियां शुरू से ही पसंद थीं। जब वो दस साल का था तब से ही। जब वो क्लास दो-तीन में था। तब से ही। यह उसका पहला स्कूल था। वो स्कूल एक मिशन का था और वहां फादर पढ़ाते थे। वहां का यूनिफार्म बैंगनी टी-शर्ट और गुलाबी पैंट था। लड़कियों के बारे में उसे शुरू से ही उत्सुकता रहती थी। उसे लंबी छरहरी लड़कियां शुरू से ही पसंद थीं। दिव्या वैसी ही थी। उसके गालों में डिंपल पड़ते थे। वो उससे उम्र में भी बहुत बड़ी थी। नाहट ने अपना पहला प्रेम पत्र भी दस साल की उम्र में लिखा था। संयोग से ये लेटर उसके बक्से में पकड़ लिया गया था। तब नाहट को घर में बहुत मार पड़ी थी। बाद में उसका बचाव उसकी मां ने उसके पिता से यह कहकर किया था कि ये लेटर नाहट ने नहीं बल्कि, उसके दोस्त नरकस ने लिखा है। इस तरह वो उस दिन बच गया था। नाहट के मोहल्ले में जेनिफर रहती थी। वह सांवली थी, लेकिन नाहट को अच्छी लगती थी। मां की मौत हो चुकी थी और उसके पिता ने दूसरी शादी नहीं की थी। यह बात उसने जेनिफर को बताई थी। सचमुच वो उदास करने वाली एक शाम थी। नाहट को लगा था कि कहीं जेनिफर अपने घर में जाकर ये सब बातें ना बता दे। खैर , जेनिफर ने अपने घर में कुछ नहीं बताया। और इस तरह नाहक पिटते- पिटते बच गया था। जेनिफर का पिता फल बेचता था। गर्मियों में उनके यहां आम आते थे। मई-जून में उसके घर पर बचे हुए आमों से अमावट बनती थी। जेनिफर उसको अमावट खूब खिलाती थी। जेनिफर उससे दो साल सीनियर थी। इसके बावजूद इसके वो दोनों अच्छे दोस्त थे। ये बहुत बाद की बात है। नाहट के घर से थोड़ी ही दूरी पर एक टूटा हुआ पुराना स्कूल था। एक बार नाहट ने जेनिफर को मिलने के लिए उस टूटे हुए स्कूल में बुलाया था। वो पहुंची ही थी कि असलम आ गया। असलम, नाहट का पड़ोसी और दोस्त था। इस तरह से उनकी मुलाकात के रंग में भंग पड़ गया। उसका पहला एडमिशन एक मिशनरी वाले स्कूल में हुआ था। उसमें फादर पढ़ाते थे। वे बड़े गुस्सैल स्वभाव के थे। जब वो छड़ी से मारते तो पीठ पर निशान पड़ जाते थे। नाहट की मां इस तरह की मार-पिटाई की शिकायत लेकर अक्सर स्कूल



में जाती और फादर से कंप्लेन करतीं। नाहट का घर और मिशनरी का स्कूल आसपास था। घर से स्कूल की घंटी की आवाज साफ सुनाई पड़ती थी। नाहट खाने की मेज पर बैठा नाश्ता कर रहा होता तभी स्कूल की घंटी बज जाती और उसे नाश्ता छोड़कर भागना पड़ता।

एक बार की बात है स्कूल शुरू होने का समय हो गया था। उस दिन उसे स्कूल जाने का मन नहीं था। पिता इस बात पर मान गये थे। उसे अच्छी तरह से याद है वो वहीं पलंग पर बैठा हुआ था, अचानक पता नहीं क्या हुआ कि वह गिर गया और उससे पास में रखा हुआ घड़ा टूट गया। इस पर मां ने उसे मारते-मारते स्कूल पहुंचा दिया। देर से आने के कारण स्कूल में भी उसे मार पड़ी थी। उसका दुःख अलग से नाहट को था।

खैर, बाद में पिताजी ने उसका नाम मिशनरी स्कूल से कटवाकर एक साधारण से सरकारी स्कूल में लिखवा दिया था। मिशनरी स्कूल में नाहट चौथी कक्षा में था, लेकिन सरकारी स्कूल के टेस्ट में फेल हो जाने के कारण उसका नाम कक्षा तीन में लिखा गया। उस समय संस्कृत में एक टीचर थे, पंडित सर। वे बहुत अनुशासन पसंद व्यक्ति थे और छात्रों को बहुत पीटते थे।

क्लास में एक बार नाहट ने चार-पांच संस्कृत वाले शब्दों का रट्टा मार लिया और पंडित सर को सुना दिया। पंडित सर ने उस पर दस्तखत कर दिए। इसी को नाहट होमवर्क चेक के समय दिखा देता था और बार-बार बच जाता था। अब वो स्कूल से बंक मारकर बाहर जाने लगा था। दोस्तों के साथ। एक दिन पिताजी को इस बात का पता चल गया। नाहट को अच्छी तरह याद है वो, आधी फिल्म देखकर ही वापस आ गया था। फिल्म का नाम भी उसे अच्छी तरह याद है, फरिश्ते। उस दिन नाहट की मां ने नाहट को बताया था कि तुम्हारे पिताजी बहुत गुस्से में हैं। अगले दिन वो अटेंडेंस सीट चेक करने जाएंगे तुम्हारे स्कूल। उस रात नाहट को नींद नहीं आई थी। अटेंडेंस रजिस्टर की जांच के कारण।

उसी स्कूल में एक योगा और शारीरिक शिक्षा के शिक्षक थे। अतुल सर। पांचवीं के टीचर। वो स्कूल में पीटी का सारा काम देखते थे। कुछ लड़कों को पीटी करना अच्छा नहीं लगता था। वो, जानबूझकर क्लास में लेट से आते। पता नहीं पीटी सर को यह बात कौन बता देता कि ये अमुक-अमुक लड़के देर से आए हैं। पीटी.खत्म होने के बाद। स्कूल में जो साइंस पढ़ाते थे, वो एकदम बेवकूफ किस्म के शिक्षक थे। महापुरुषों का जिक्र होता तो साइंस टीचर बताते कि वो लोग असाधारण लोग थे। हम तो साधारण भी नहीं हैं। नाहट के अनुसार उनको साधारण और असाधारण में फर्क भी नहीं पता था। एक बार किसी बात पर उन्होंने नाहट को पीट दिया। नाहट को इतना गुस्सा आया कि पूछो ही मत। उसको जब पीटा गया था तो पूरी क्लास शांत थी। उस कक्षा में उसकी एक नयी-नयी प्रेमिका बनी थी । नाम था उसका लाली। वह नाहट की पड़ोसन भी थी। इसलिए जब नाहट की पिटाई हुई थी तब उसे बहुत बुरा लगा था। नाहट ने पिटने के दौरान टूटे तीन बालों को गिनकर अपनी किताब में छिपाकर रख लिया था, यह सोचकर कि जिस दिन भी उसे मौका मिलेगा वो इसका बदला जरूर ले लेगा। लेकिन, वो दिन कभी नहीं आया।

खैर, बात लाली की चल रही थी। जब वह छठी कक्षा में पढ़ता था उस समय उसके पिता ने किराए पर दूसरी जगह रूम लिया था। यहीं उसकी मुलाकात लाली से हुई थी। सरकारी स्कूल में आने के बाद नाहट एक मेघावी छात्र के रूप में जाना जाने लगा था। उससे लाली बहुत प्रभावित थी। फिर, दूसरी बार लाली ने एक प्रेम पत्र लिखा था, जो उसकी मां ने पकड़ लिया था। दरअसल लाली नाम की दो लड़कियां थीं। एक लड़की उसके फल और सब्जियों की दुकान के ऐन सामने रहती थी। उनकी मिठाई की दुकान थी। नाहट बार-बार उसकी दुकान से मिठाई खरीदता था। पहली वाली लाली कॉलोनी वाली लाली से बहुत बेहतर थी। उसके भी गालों में डिंपल पड़ते थे और डिंपल नाहट की कमजोरी थी। खैर, नाहट की मां को लगा कि नाहट ने कॉलोनी वाली लाली के लिए वो लेटर लिखा है। ऐसे में लेटर जब पकड़ा गया तो नाहट बच गया। नाहट की मां ने उसे समझाया ये लोग खतरनाक हैं, इनकी छोरियों को लेटर मत लिखा कर। फालतू में बात का बतंगड़ बन जाएगा।

बात लीला की हो रही थी। लीला जो दूसरी वाली थी। वो नाहट की पडोसन थी। वह पढ़ाई में कमजोर थी। एक बार की बात है, क्लास में भूगोल का पेपर दिखाया जाना था। उस दिन तुक्के से लीला का नंबर नाहट के बराबर आया था। उस दिन नाहट देर रात तक बहुत रोया था। नाहट को अच्छी तरह याद है। नाहट उस समय छठी कक्षा में पढ़ता था। लीला और नाहट एक ही कक्षा में थे। उस दिन नाहट ने पहली बार कक्षा में लीला से पानी मांगा था। नाहट के दोस्त नाहट की चुटकी ले रहे थे। नाहट मुस्कुरा रहा था। हालांकि, दूसरी वाली लीला, जिसको डिंपल नहीं निकलता था। उतनी आकर्षक नहीं थी।

-क्रमशः

**विधानसभा सत्र शुरू:** नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ, मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने दी महिलाओं को मुफ्त यात्रा की सौगात


# तेलंगाना: कांग्रेस की गारंटियों पर अमल शुरू, छह में से दो योजनाएं लागू

**एजेंसी** | हैदराबाद

तीसरी तेलंगाना विधानसभा का पहला सत्र शनिवार को यहां शुरू हुआ और नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई गई। दूसरी ओर मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शनिवार को दो योजनाओं की शुरुआत की। इनके तहत महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा और गरीबों के लिए 10 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा दिया जाएगा। ये दोनों योजनाएं कांग्रेस द्वारा घोषित छह चुनाव 'गारंटी' का हिस्सा हैं। योजनाएं शुरू करने की तारीख कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के जन्मदिन के साथ मेल खा रही हैं। रेवंत रेड्डी ने यहां विधान सभा परिसर में कई मंत्रियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में दो योजनाओं की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार 100 दिनों के भीतर छह चुनावी 'गारंटियों' को लागू कर तेलंगाना को लोगों के कल्याण और विकास के लिए पहचाने जाने वाला राज्य बनाने का प्रयास करेगी।

### अकबरुद्दीन ओवैसी को अस्थाई अध्यक्ष बनाने का BJP ने किया विरोध

**हैदराबाद।** तीसरी तेलंगाना विधानसभा का पहला सत्र शनिवार को यहां शुरू हुआ और नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई गई। दूसरी ओर भाजपा ने अस्थाई अध्यक्ष के तौर पर , विधायक अकबरुद्दीन ओवैसी की नियुक्ति में विधानसभा नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए शपथ ग्रहण कार्यक्रम का बहिष्कार करने का फैसला किया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष जी. किशन रेड्डी ने आरोप लगाया कि सदन में कई अन्य वरिष्ठ सदस्य होने के बावजूद ओवैसी को अस्थायी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। रेड्डी ने कहा कि भाजपा विधायक नियमित अध्यक्ष के कार्यभार संभालने के बाद शपथ लेंगे।



### इन योजनाओं की हुई शुरुआत

**राजीव आरोग्यश्री स्वास्थ्य योजना**

- गरीबों को 10 लाख रुपए का बीमा

**'महालक्ष्मी' योजना**

- महिलाएं कर सकेंगी आरटीसी की बसों में मुफ्त यात्रा

### जरीन को सौंपा दो करोड़ का चेक

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने राज्य सरकार की ओर से प्रोत्साहन के तौर पर मशहूर मुक्केबाज निखत जरीन को दो करोड़ रुपए का चेक सौंपा। जरीन ने इसके लिए राज्य सरकार को बहुत बहुत धन्यवाद दिया और कहा कि इससे उन्हें पेरिस ओलंपिक की तैयारी में मदद मिलेगी।

### ममता ने पीएम से मांगा मुलाकात का समय



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि केंद्र पर राज्य के बकाये हिस्से के भुगतान की मांग को लेकर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने का समय मांगा है। बनर्जी ने उत्तर बंगाल में सिलीगुड़ी के समीप बागडोगरा हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा कि वह राष्ट्रीय राजधानी जाएंगी और उन्होंने 18 और 20 दिसंबर के बीच तीन दिनों में किसी भी दिन मिलने का समय देने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा,मैं इस महीने पार्टी के कुछ सांसदों के साथ दिल्ली जाऊंगी और मैंने केंद्र पर राज्य के बकाए हिस्से के भुगतान के वास्ते दबाव बनाने के लिए प्रधानमंत्री से मिलने का समय मांगा है।

### सरकार को हमें नजरबंद रखने का बहाना चाहिए: उमर

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को आशंका जताई कि अनुच्छेद-370 को हटाए जाने के खिलाफ दाखिल याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय का फैसला आने से पहले कश्मीर में मुख्य धारा के राजनीतिक दलों के नेताओं को नजरबंद किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार को इसके लिए महज बहाना चाहिए। अब्दुल्ला ने कहा कि वह केवल उम्मीद और प्रार्थना कर सकते हैं कि फैसला जम्मू-कश्मीर के लोगों के हित में हो। कुलगाम जिले में जब आने वाले फैसले से पहले अब्दुल्ला से उनकी राय के बारे में संवाददाताओं ने पूछा तो उन्होंने कहा, हमें नहीं पता कि फैसला क्या होगा अगर वे जानते हैं, तो इसकी जांच होनी चाहिए। महुआ मोइत्रा को निष्कासित करने के सवाल पर अब्दुल्ला ने कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।

**विधायक दल की** बैठकों की तैयारी, सियासी सरगर्मी हुई तेज

# छत्तीसगढ़ में आज, एमपी में कल होगा मुख्यमंत्री पर सस्पेंस खत्म

**एजेंसी** | भोपाल/ रायपुर

मध्य प्रदेश के अगले मुख्यमंत्री को लेकर जारी सस्पेंस सोमवार को खत्म होने की संभावना है। वहीं छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री का रविवार को चयन होने की उम्मीद है। इन दोनों राज्यों में हाल में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा विजयी हुई थी। पार्टी ने मध्य प्रदेश में सत्ता बरकरार रखी जबकि छत्तीसगढ़ में सत्ता में वापसी की है। छत्तीसगढ़ में विधायक दल का नेता चुनने के लिए भाजपा के नवनिर्वाचित 54 विधायकों की रविवार को बैठक होगी।

वहीं, मध्य प्रदेश में नेता के चुनाव के लिए नवनिर्वाचित 163 विधायकों की केंद्रीय पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में सोमवार को बैठक होगी।पार्टी के एक पदाधिकारी ने यह जानकारी दी। पार्टी ने विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए शुक्रवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, ओबीसी 'मोर्चा' प्रमुख के. लक्ष्मण और सचिव आशा लाकड़ा को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया। जबकि छत्तीसगढ़ में पार्टी के तीन पर्यवेक्षक केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सर्वानंद सोनोवाल तथा पार्टी महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम बैठक में मौजूद रहेंगे। छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने शनिवार को संवाददाताओं को बताया कि पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रभारी ओम माथुर, केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया और राज्य के लिए पार्टी के सह-प्रभारी नितिन नबीन भी वहां मौजूद रहेंगे।



### शिवराज की 'सभी को राम-राम...'

***भोपाल।** नवनिर्वाचित भाजपा विधायकों की महत्वपूर्ण बैठक से दो दिन पहले मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को एक्स पर संदेश "सभी को राम राम" पोस्ट किया।*

### सामाजिक गणित

**45**
प्रतिशत ओबीसी आबादी है छत्तीसगढ़ में

**32**
प्रतिशत आदिवासी अबादी है छत्तीसगढ़ में

### छत्तीसगढ़: इनके नाम हैं चर्चा में

राजनीतिक क्षेत्रों में चर्चा है कि भाजपा 2003 से 2018 तक तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके रमन सिंह या किसी ओबीसी या आदिवासी नेता मुख्यमंत्री को चुनेगी। आदिवासी समुदाय से नेता पद की दौड़ मेंपूर्व केंद्रीय मंत्री विष्णु देव साय, पूर्व केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह, राज्य के पूर्व मंत्री रामविचार नेताम और लता उसेंडी तथा पूर्व सांसद गोमती साय दावेदारों में शामिल हैं। जबकि ओबीसी समुदाय से प्रदेश अध्यक्ष साव और नौकरशाह से नेता बने ओपी चौधरी मुख्यमंत्री पद के दावेदारों में शामिल हैं।

### मध्य प्रदेश: ये नेता हैं मुख्यमंत्री पद की दावेदारी में सबसे आगे

पार्टी के अंदरूनी सूत्रों के मुताबिक, पार्टी सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने वाले चौहान की जगह किसी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) नेता पर ध्यान केंद्रित कर सकती है। ऐसी स्थिति में लोधी समुदाय से आने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सबसे आगे हो सकते हैं। अन्य संभावित दावेदारों में कैलाश विजयवर्गीय और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा , पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र तोमर भी शामिल हैं। चारों नेता पहले ही नई दिल्ली में गृह मंत्री और भाजपा के मास्टर रणनीतिकार अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जे.पी.नड्डा से भी मुलाकात कर चुके हैं। दूसरी ओर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान दिल्ली के बजाय राज्य का दौरा कर रहे हैं।

**बसपा में सियासी कलह**

# अमरोहा से सांसद दानिश को बसपा ने किया निलंबित

■ पार्टी विरोधी गतिविधियों का लगाया आरोप



**एजेंसी** | लखनऊ

बहुजन समाज पार्टी ने उत्तर प्रदेश के अमरोहा से सांसद दानिश अली को पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण शनिवार को पार्टी से निलंबित कर दिया। बसपा महासचिव सतीश चंद्र मिश्र ने इसकी जानकारी दी। सतीश चंद्र मिश्र द्वारा सांसद दानिश अली को लिखे पत्र की एक प्रति मीडिया को भी जारी की गई। पत्र में कहा गया है कि आपको अनेकों बार मौखिक रूप से कहा गया कि आप पार्टी की नीतियों, विचारधारा एवं अनुशासन के विरूद्ध जाकर कोई भी बयानबाजी व कृत्य आदि न करें, परंतु इसके बाद भी आप लगातार पार्टी के खिलाफ जाकर कृत्य करते आ रहे हैं। पार्टी के हित में आपको बसपा की सदस्यता से तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता हैं।

### भाजपा की नीतियों का विरोध जुर्म है, तो सजा भुगतने को तैयार: दानिश

इस बीच, दानिश अली ने शनिवार को कहा कि बसपा प्रमुख मायावती का यह फैसला दुर्भाग्पूर्ण है तथा यदि भाजपा की नीतियों का विरोध करना जुर्म है, तो वह कोई भी सजा भुगतने के लिए तैयार हैं। निलंबन के बाद दानिश अली ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मैं बहन मायावती जी का हमेशा शुक्रगुज़ार रहूंगा कि उन्होंने मुझे टिकट देकर लोकसभा का सदस्य बनने में मदद की। बहन जी ने मुझे बसपा संसदीय दल का नेता भी बनाया। मुझे सदैव उनका असीम स्नेह और समर्थन मिला। उनका आज का फ़ैसला दुर्भाग्यपूर्ण है। मैंने पूरी मेहनत और लगन से बसपा को मज़बूत करने का प्रयास किया है और कभी भी किसी प्रकार का पार्टी विरोधी काम नहीं किया है। मैंने भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध ज़रूर किया है और करता रहूंगा।

**राष्ट्रीय लोकदल अध्यक्ष** ने दी नसीहत

## कांग्रेस को विस चुनाव नतीजों से सबक लेने की जरूरत: जयंत

**एजेंसी** | लखनऊ

राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने शनिवार को कांग्रेस पार्टी को चार राज्यों के हालिया विधानसभा चुनावों के नतीजों से सबक सीखने की सलाह दी। चौधरी ने यहां मीडियाकर्मियों से कहा,ये नतीजे बहुत अच्छे नहीं आए।

इन नतीजों से सीखने का मौका है।हम सभी को एक साथ बैठकर तय करना है, जल्द से जल्द सीट बंटवारे पर काम हो। अगर हम समन्वय के साथ मिलकर काम करेंगे तो हम जीत हासिल कर पाएंगे। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी (सपा) की सहयोगी रालोद, विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा है।

### राजग 400 से अधिक सीट जीतेगा :चिराग



**रांची।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान ने शनिवार को दावा किया कि भाजपा नीत राजग 2024 के लोकसभा चुनावों में 400 से अधिक सीट जीतेगा। रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि चार राज्यों में हाल में हुए विधानसभा चुनावों के नतीजों से प्रदर्शित होता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजग केंद्र में फिर से सरकार बनाएगा। झारखंड की निजी यात्रा पर आए पासवान ने रामगढ़ जिले के रजरप्पा स्थित छिन्नमस्तिका मंदिर में पूजा-अर्चना की।

### मुसलमानों का होगा सामाजिक व आर्थिक मूल्यांकन

**गुवाहाटी।** असम सरकार ने कहा कि वह राज्य में मूल असमिया मुसलमानों का सामाजिक-आर्थिक मूल्यांकन करेगी। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा की अध्यक्षता में शुक्रवार को यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। शर्मा ने 'एक्स' पर लिखा, अल्पसंख्यक मामले एवं छार क्षेत्र निदेशालय के माध्यम से मूल असमिया मुसलमानों का सामाजिक-आर्थिक मूल्यांकन किया जाएगा। कैबिनेट ने माघ बिहू के दौरान आयोजित होने वाली पारंपरिक भैंसे और सांडों की लड़ाई की अनुमति देने के मानक जारी करने को भी मंजूरी दे दी।

### भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन को पहुंचे लालू



**तिरुपति।** राजद प्रमुख लाल प्रसाद यादव अपनी पत्नी राबड़ी देवी और पुत्र बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और कैबिनेट मंत्री तेज प्रताप यादव के साथ शनिवार को तिरुपति स्थित श्रीवेंकेटश्वर मंदिर पहुंचे और भगवान के दर्शन किए।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा: प्रधानमंत्री का लाभार्थियों के साथ संवाद**

# मोदी की गारंटी में है दम, झूठी घोषणाओं से कुछ हासिल नहीं होता: PM

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि हालिया विधानसभा चुनाव के नतीजों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि 'मोदी की गारंटी' में दम है और कुछ राजनीतिक दल यह नहीं समझते कि झूठी घोषणाएं करने से उन्हें कुछ हासिल नहीं होगा।

मैं सभी मतदाताओं का आभारी हूं, जिन्होंने मोदी की गारंटी पर भरोसा किया। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के लाभार्थियों से बातचीत के बाद मोदी ने कहा कि चुनाव जीतने से पहले लोगों का दिल जीतना जरूरी है और लोगों की बुद्धिमता को कम आंकना सही नहीं है। प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए यह भी कहा कि अगर उन्होंने स्वार्थ के बजाय सेवाभाव को सर्वोपरि रखा होता तो देश की बहुत बड़ी आबादी अभाव व तकलीफों में नहीं रहती। हमारी सरकार 'माई-बाप' सरकार नहीं है, बल्कि माता-पिता की सेवा करने वाली सरकार है।




### मोदी करता है गरीबों, वंचितों की परवाह

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मोदी गरीबों, वंचितों की परवाह करता है, जिनकी किसी को परवाह नहीं थी। जिनके लिए कार्यालयों के दरवाजे बंद कर दिए गए थे, मोदी न केवल उनकी देखभाल करता है, बल्कि वह उनकी पूजा करता है। उन्होंने कहा, मेरे लिए हर गरीब वीआईपी है, हर मां, बेटी, बहन वीआईपी है, हर किसान वीआईपी है, हर युवा वीआईपी है। लेकिन सवाल यह है कि देश उन लोगों पर भरोसा क्यों नहीं करता जो हमारा विरोध करते हैं।

### सवा करोड़ लोग पहुंचे गारंटी वाली गाड़ी तक

'विकसित भारत संकल्प यात्रा' को जरूरतमंदों तक पहुंचने का बहुत बड़ा माध्यम बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बहुत ही कम समय में अब तक सवा करोड़ से अधिक लोग 'मोदी की गारंटी' वाली गाड़ी तक पहुंचे हैं और उसका स्वागत किया है, उससे जुड़ने की कोशिश की है और उसे सफल बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा, पहले जो भीख मांगने की मन:स्थिति रहती थी अब वह चली गई। सरकार ने जरूरतमंदों की पहचान की और फिर उन तक लाभ पहुंचाने के लिए कदम उठाए। तब ही आज लोग कहते हैं- मोदी की गारंटी यानी, गारंटी पूरी होने की गारंटी।

### उज्जवला के तहत एक लाख गैस कनेक्शन के आवेदन

प्रधानमंत्री ने कहा कि 'मोदी की गारंटी' वाली गाड़ी पहुंचने के बाद लगभग एक लाख नए लाभार्थियों ने उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त गैस कनेक्शन के लिए आवेदन किया है। इस यात्रा के दौरान मौके पर ही 35 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड भी दिए गए हैं। सरकार की कोशिश है कि जब मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंचे तो गांव का हर एक व्यक्ति उस गाड़ी तक जरूर पहुंचना चाहिए, तभी हर लाभार्थी तक पहुंचा जा सकेगा।

### महिलाओं को विभाजनकारी राजनीति' से किया सावचेत

मोदी ने महिलाओं को विभाजनकारी राजनीति से आगाह किया और कहा कि वे एक बड़ी 'जाति' हैं, जो किसी भी चुनौती का मिलकर सामना कर सकती हैं। महिला लाभार्थियों के साथ संवाद करते हुए उन्होंने कहा, सभी महिलाओं को एक साथ रहना चाहिए। आजकल, कुछ लोग महिलाओं के बीच दरार पैदा कर रहे हैं। उन्होंने संतोष व्यक्त किया कि 'मोदी की गारंटी' वाली गाड़ी देश के हर गांव तक पहुंच रही हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी कल्याणकारी योजना को सफल बनाने के लिए हर लाभार्थी तक पहुंचना चाहिए। इस तरह के कार्यक्रम पहले कागजों और फीता काटने के समारोहों तक ही सीमित रहते थे।

## जरूरी खबर

### शहीद जवानों के परिवार से एक जने को मिलेगी नौकरी

**गंगटोक**। सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार देश की खातिर अपनी जान कुर्बान करने वाले सेना के जवानों के परिवार में एक सदस्य को नौकरी देगी। पाकयोंग जिले में सरमासा गार्डन में 'एक्स सर्विसमेन एसोसिएशन ऑफ सिक्किम' की वार्षिक बैठक में उन्होंने कहा कि इस पहल का लक्ष्य सैन्यकर्मियों द्वारा दिए गए सर्वोच्च बलिदान के प्रति सम्मान व्यक्त करना और उनके परिवारों को सहारा प्रदान करना है। उन्होंने कहा, जिस तरह सिक्किम स्काउट के परिवारों को नौकरी दी जाती है, उसी तरह अपनी जान कुर्बान करने वाले सैन्यकर्मियों के परिवार के सदस्य को राज्य सरकार में अनुकंपा के आधार पर नौकरी दी जाएगी।

### श्रीनगर: आतंकियों ने सिपाही को गोली मारी



**श्रीनगर**। आतंकियों ने शनिवार को यहां शहर के बेमिना इलाके में जम्मू कश्मीर पुलिस के एक कांस्टेबल को गोली मार दी। अधिकारियों ने बताया कि इस हमले के बाद पुलिसकर्मी को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों ने बेमिना इलाके के हमदानिया कॉलोनी में कॉन्स्टेबल मोहम्मद हाफिज को गोली मारी। हाफिज उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के करनाह के रहने वाले हैं लेकिन वर्तमान में बेमिना में रहते हैं।

### कछुओं का प्रजनन काल: नहीं होगा मिसाइल परीक्षण

**भुवनेश्वर**। ओडिशा सरकार ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन से फरवरी और मार्च के दौरान कछुओं का प्रजनन काल होने के मद्देनजर राज्य के तटीय क्षेत्र में मिसाइल परीक्षण पर रोक लगाने का आग्रह किया है। राज्य सरकार के एक अधिकारी ने शनिवार को कहा कि डीआरडीओ के राज्य में दो प्रमुख मिसाइल परीक्षण रेंज हैं- बालासोर जिले में चांदीपुर और भद्रक जिले में एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप। ओडिशा के वन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, डीआरडीओ हर साल राज्य सरकार के इस अनुरोध का पालन करता है। राज्य के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में डीआरडीओ से नोडल अधिकारी नियुक्त करने का अनुरोध करने का भी निर्णय लिया गया।

## सेना को मिले 372 नए अफसर



*देहरादून। इंडियन मिलिट्री एकेडमी, देहरादून में शनिवार को पासिंग आउट परेड में शामिल एकेडमी से पास आउट कैडेट। ये अधिकारी के रूप में सेना में शामिल किए गए हैं।*

### सबसे ज्यादा अफसर यूपी से मिले, राजस्थान तीसरे स्थान पर

***देहरादून।** भारतीय सैन्य अकादमी से 372 कैडेट शनिवार को यहां से पास आउट हुए। इन 372 कैडेट में 12 मित्र देशों के 29 कैडेट शामिल हैं और ये अपने-अपने देशों की सेनाओं में अधिकारी के रूप में नियुक्त होने के लिए तैयार हैं। श्रीलंका के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल शैवेंद्र सिल्वा ने पासिंग आउट परेड को समीक्षा अधिकारी के रूप में संबोधित किया। प्रतिष्ठित स्वॉर्ड ऑफ ऑनर और स्वर्ण पदक बटालियन अंडर ऑफिसर गौरव रावत को, रजत पदक बटालियन अंडर ऑफिसर सौरभ बधानी को और कांस्य पदक बटालियन अंडर ऑफिसर आलोक सिंह को मिला। प्रशिक्षण पूरा करने वाले कैडेट में सबसे अधिक 68 कैडेट उत्तर प्रदेश के हैं, इसके बाद उत्तराखंड (42), राजस्थान (34), महाराष्ट्र (28), बिहार (27), हरियाणा (22), पंजाब (20), हिमाचल प्रदेश (14), जम्मू कश्मीर (10), केरल (9), पश्चिम बंगाल (9), मध्य प्रदेश (7), झारखंड (5), ओडिशा (5), आंध्र प्रदेश (4), तमिलनाडु (4), दिल्ली (2), गुजरात (2), चंडीगढ़ '2), अरुणाचल प्रदेश (1), असम (1), मणिपुर (1), ेघालय (1) और तेलंगाना (1) का स्थान है।*

## आईएसआईएस के बड़े मॉड्यूल का भंडाफोड़

# महाराष्ट्र-कर्नाटक में 44 ठिकानों पर छापे, 15 आतंकी गिरफ्तार

**महाराष्ट्र में एक गांव पडघा को घोषित कर रखा था मुक्त क्षेत्र**

**एजेंसी** | नई दिल्ली

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरणने शनिवार को महाराष्ट्र और कर्नाटक में सक्रिय अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठन आईएसआईएस के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की और उसके 44 ठिकानों पर छापेमारी की। इसके साथ ही उसके एक मॉड्यूल के नेता साकिब नाचन समेत 15 सदस्यों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से खुलासा हुआ है कि गिरफ्तार आरोपियों ने ग्रामीण ठाणे के पडघा गांव को 'मुक्त क्षेत्र' और 'अल शाम' के रूप में घोषित किया था। आरोपी पडघा आधार को मजबूत करने के लिए मुस्लिम युवाओं को अपना घर छोड़ने के लिए उकसा रहे थे। मुख्य आरोपी साकिब नाचन प्रतिबंधित संगठन में शामिल होने वाले युवाओं को आईएसआईएस के खलीफा के प्रति निष्ठा की शपथ ('बायथ') भी दिला रहा था। महाराष्ट्र मॉड्यूल के सभी सदस्य, पडघा-बोरीवली से काम कर रहे थे।




### ISIS देशभर में फैला रहा है आतंकी नेटवर्क

प्रवक्ता ने कहा कि आईएसआईएस देश के विभिन्न राज्यों में स्थानीय आईएसआईएस मॉड्यूल और प्रकोष्ठ स्थापित करके भारत में अपना आतंकी नेटवर्क फैला रहा है। एजेंसी ने इस साल की शुरुआत में आईएसआईएस महाराष्ट्र मॉड्यूल के खिलाफ मामला दर्ज किया था और तब से देश भर में सक्रिय विभिन्न आईएसआईएस मॉड्यूल और नेटवर्क को नष्ट करने के लिए मजबूत और ठोस कार्रवाई की है।

### विदेशी आकाओं का एजेंडा बढ़ा रहे थे आगे

अधिकारी ने कहा कि आरोपी अपने विदेशी आकाओं के निर्देशों पर काम करते हुए, आईएसआईएस के हिंसक और विनाशकारी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए विस्फोटक उपकरणों के निर्माण सहित विभिन्न आतंकवादी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल थे। आरोपियों ने हिंसक जिहाद, खिलाफत, आईएसआईएस आदि का रास्ता अपनाते हुए देश की शांति और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने और भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने का लक्ष्य तय कर रखा था।

### बेनामी नकदी व हथियार बरामद

एनआईए के प्रवक्ता ने बताया कि छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में बेनामी नकदी, आग्नेयास्त्र, धारदार हथियार, अपराध में संलिप्तता इंगित करने वाले दस्तावेज,स्मार्ट फोन और अन्य डिजिटल उपकरण जब्त किए गए हैं। यह छापेमारी एनआईए द्वारा इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक ऐंड सीरिया (आईएसआईएस)को खत्म करने के प्रयासों के तहत की गई। आईएसआईएस को इस्लामिक स्टेट के नाम से भी जाना जाता है और यह आतंकवाद और बेगुनाहों की जान लेने वाली घटनाओं में संलिप्त रहा है।

## महिला प्रीमियर लीग: लगी करोड़ों में बोली

# 'अनकैप्ड' तेज गेंदबाज काशवी गौतम बनी सबसे महंगी खिलाड़ी

**एजेंसी** | मुंबई

गुजरात जायंट्स ने पंजाब की तेज गेंदबाज काशवी गौतम को शनिवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की नीलामी में दो करोड़ रुपए में अपनी टीम में शामिल किया। इस तरह काशवी भारत की सबसे महंगी बिकने वाली 'अनकैप्ड' खिलाड़ी बन गईं जबकि नीलामी के शुरू में आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की काफी मांग रही। भारत की 'कैप्ड' खिलाड़ियों में प्रिया पूनिया, देविका वैद्य, पूनम राउत और सुषमा वर्मा को भी किसी टीम ने नहीं खरीदा। काशवी का 'बेस प्राइस' (आधार मूल्य) 10 लाख रुपए का था। गुजरात जायंट्स और यूपी वारियर्स दोनों ने उनके लिए बोली लगाई। लेकिन गुजरात की टीम डब्ल्यूपीएल के दूसरे चरण के लिए उनकी सेवाएं लेने के लिए बोली जीतने में सफल रही। एक और 'अनकैप्ड' (जिसने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला हो) भारतीय क्रिकेटर कर्नाटक की 22 वर्षीय वृंदा दिनेश के लिए बड़ी बोली लगी जिन्हें यूपी वारियर्स ने 1.3 करोड़ रुपए में खरीदा। वृंदा और काशवी दोनों ही हाल में भारत ए के लिए इंग्लैंड ए के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में खेली थीं। आस्ट्रेलियाई आल राउंडर अनाबेल सदरलैंड को दिल्ली कैपिटल्स ने दो करोड़ रुपए में खरीदा। इसके बाद गुजरात की टीम ने बल्लेबाज फोएबे लिचफील्ड को एक करोड़ रुपए में टीम में शामिल किया। दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल को मुंबई इंडियंस ने 1.20 करोड़ रुपए में टीम में शामिल किया जो उनके 'बेस प्राइस' से तीन गुना था।



## आधार के मामले में सरकार ने किया स्पष्ट...

# 'फिंगरप्रिंट' न होने पर आईरिस स्कैन से कर सकते हैं नामांकन

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सरकार ने शनिवार को कहा कि 'आधार' के लिए पात्र व्यक्ति उंगलियों के निशान उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में 'आईरिस' स्कैन का उपयोग करके नामांकन कर सकता है।

यह बयान इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर द्वारा केरल में एक महिला जोसीमोल पी जोस के नामांकन को सुनिश्चित करने के लिए आया है। महिला हाथ की उंगलियां नहीं होने के कारण आधार के लिए नामांकन नहीं कर सकी थी। बयान के अनुसार, भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण की एक टीम ने उसी दिन केरल के कोट्टायम जिले के कुमारकम में रहने वाली जोस से उसके घर पर मुलाकात की और उसका आधार नंबर तैयार किया। चंद्रशेखर ने कहा कि सभी आधार सेवा केंद्रों से कहा गया है कि वैकल्पिक बायोमेट्रिक्स लेकर धुंधली उंगलियों के निशान या इसी तरह की दिव्यांगता वाले अन्य लोगों को आधार जारी किया जाना चाहिए।

इसी प्रकार, एक पात्र व्यक्ति जिसकी आंखों की पुतली किसी भी कारण से नहीं ली जा सकी है, वह केवल अपने फिंगरप्रिंट का उपयोग करके नामांकन कर सकता है।




### डीपफेक तकनीक से निजता को खतरा: कोहली

**नई दिल्ली**। सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश हिमा कोहली ने सोशल मीडिया के माध्यम से यौन उत्पीड़न की बढ़ती प्रवृत्ति पर शनिवार को चिंता व्यक्त की। उन्होंने साथ ही कहा कि 'डीपफेक' तकनीक का उद्भव अभूतपूर्व है, लेकिन यह निजता के हनन, सुरक्षा जोखिम और गलत सूचना के प्रसार को लेकर भी चिंता पैदा करती है। उन्होंने उत्पीड़न और भेदभाव विषय पर एक कार्यक्रम में कहा कि सोशल मीडिया के तेजी से बढ़ने से न केवल लोगों के संवाद करने के तरीके में बदलाव आया है, बल्कि उत्पीड़न का तरीका भी बदल गया है।

## पीएम मोदी ने लिखी कविता



***नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को यहां पीटीआई के मुख्यालय पहुंचे और समाचार एजेंसी की इस साल शुरू हुई वीडियो सेवा के बारे में करीब से जाना। मोदी ने एक आगंतुक पुस्तिका पर भी हस्ताक्षर किए और एक कविता के माध्यम से 'आचार, विचार और समाचार' की बात की।*

## इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन फंड की रिपोर्ट में दावा

# फास्ट-ट्रैक कोर्ट में 2.43 लाख पॉक्सो मामले लंबित

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्र सरकार की मजबूत नीति और वित्तीय प्रतिबद्धता के बावजूद इस साल 31 जनवरी तक फास्ट-ट्रैक विशेष अदालतों (एफटीएससी) में पॉक्सो अधिनियम के तहत 2.43 लाख से अधिक मामले लंबित थे। यह बात एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) द्वारा प्रकाशित एक शोधपत्र में कहा गया है कि 2022 में ऐसे मामलों की संख्या राष्ट्रीय स्तर पर मात्र तीन प्रतिशत रही, जिनमें दोषसिद्धि हुई। इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन फंड द्वारा जारी शोधपत्र - 'न्याय प्रतीक्षाः भारत में बाल यौन शोषण के मामलों में न्याय वितरण तंत्र की प्रभावकारिता का विश्लेषण' में कहा गया है कि भले ही सूची में कोई नया मामला नहीं जुड़ा हो, लेकिन लंबित मामलों को निपटाने में देश को कम से कम नौ साल लगेंगे। अरुणाचल प्रदेश और बिहार जैसे कुछ राज्यों में लंबित मामलों को निपटाने में 25 साल से अधिक का समय लग सकता है। यह रिपोर्ट कानून और न्याय मंत्रालय, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय तथा राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों पर आधारित है।



### न्यायिक प्रणाली की प्रभावशीलता पर सवाल

शोधपत्र के निष्कर्षों ने बाल यौन शोषण पीड़ितों को न्याय प्रदान करने के लिए फास्ट-ट्रैक विशेष अदालतें स्थापित करने के केंद्र सरकार के 2019 के ऐतिहासिक फैसले और करोड़ों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद देश की न्यायिक प्रणाली की प्रभावशीलता पर एक बड़ा सवालिया निशान लगाया है। इसमें कहा गया है कि वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए अरुणाचल प्रदेश को जनवरी 2023 तक यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत लंबित मामलों की सुनवाई पूरी करने में 30 साल लगेंगे, जबकि दिल्ली को 27 साल, पश्चिम बंगाल को 25 साल, मेघालय को 21 साल, बिहार को 26 साल और उत्तर प्रदेश को 22 साल लगेंगे।

### एक साल में सुनवाई पूरी करने का है कानूनी प्रावधान

वर्ष 2019 में स्थापित फास्ट-ट्रैक अदालतों को ऐसे मामलों की सुनवाई एक साल के भीतर पूरी करने के लिए कानूनी आदेश देना था और फिर भी कुल 2,68,038 मामलों में से केवल 8,909 मामलों में सजा हुई।

### 1900 करोड़ का बजट आवंटन

केंद्र सरकार ने हाल ही में 1,900 करोड़ रुपए से अधिक के बजटीय आवंटन के साथ 2026 तक केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में एफटीएससी को जारी रखने की मंजूरी दी। अध्ययन इस बात पर प्रकाश डालता है कि देश में प्रत्येक एफटीएससी औसतन प्रति वर्ष केवल 28 मामलों का निपटारा करती है, जिसका मतलब है कि एक सजा पर खर्च लगभग नौ लाख रुपए है।

## आयकर विभाग की छापेमारी

# ओडिशा में जब्त राशि 290 करोड़ होने की संभावना

**एजेंसी** | नई दिल्ली/भुवनेश्वर

ओडिशा स्थित शराब बनाने वाली कंपनियों के एक समूह और उससे जुड़े प्रतिष्ठानों के खिलाफ आयकर विभाग की छापेमारी के बाद मिली बेहिसाब नकदी के 290 करोड़ रुपए होने की संभावना है। इसी के साथ यह एजेंसी के किसी एक अभियान में बरामद हुआ सबसे अधिक कालाधन होगा। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि बौध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड और अन्य के खिलाफ छापे के बाद छह दिसंबर को शुरू हुई कार्रवाई के बाद आयकर विभाग ने नोटों की गिनती के लिए लगभग 40 बड़ी एंव छोटी मशीनें तैनात की हैं और गिनती की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए विभाग और बैंक के और कर्मचारियों को लाया गया है। इनके अलावा, जब्त की गई नकदी को राज्य के सरकारी बैंकों तक पहुंचाने के लिए विभाग ने और वाहनों की मांग की है। सूत्रों ने बताया कि इस कार्रवाई के तहत कांग्रेस नेता और झारखंड से राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू से जुड़े परिसर पर भी छापा मारा गया है। सूत्रों ने बताया कि कर अधिकारी अब कंपनी के विभिन्न अधिकारियों और इससे जुड़े अन्य व्यक्तियों के बयान दर्ज कर रहे हैं। अब तक 250 करोड़ रुपए जब्त किए जा चुके हैं।

### सच बेधड़क ग्रुप के फाउंडर और एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने भक्तों के साथ बैठकर सुनी कथा

# पंडित महेश दत्त शर्मा गुरुजी ने किया विनय पत्रिका का संगीतमय पाठ

**बेधड़क | जयपुर**

श्याम नगर स्तिथ कीर्तिनगर के ओम विश्वगुरु दीप आश्रम शोध संस्थान में शनिवार को विनय पत्रिका गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हरिशंकर दास जी महाराज सियाराम दास जी की बगीची ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मानस मर्मज्ञ प्राच्य विद्या मनीषी पंडित महेश दत्त शर्मा गुरुजी ने विनय पत्रिका का वाचन व गायन किया तो श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठे। विश्व गुरु दीप आश्रम के संचालक महामण्डलेश्वर स्वामी ज्ञानेश्वर पुरी द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ज्ञानेश्वर पुरी ने बताया कि विनय पत्रिका के गूढ़ ज्ञान को पंडित महेश दत्त शर्मा गुरुजी द्वारा बताया गया। यह कार्यक्रम विश्वगुरु महामण्डलेश्वर परमहंस श्री स्वामी महेश्वरानंद जी की प्रेरणा से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सच बेधड़क ग्रुप के फाउंडर और एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने भी शिरकत की और प्रभु चरणों में भक्तगणों के साथ बैठकर कथा सुनी।








### फेस्टिवल: जयगढ़ के 40 वर्षों के इतिहास से पावणों को कराया रू-ब-रू

# जश्न में विरासत को संरक्षण

**बेधड़क | जयपुर**

गुलाबी नगरी के जिस परिसर में दुनिया की सबसे बड़ी तोप खड़ी है, जब उसका इतिहास यंगेस्टर्स के सामने आया तो वे रोमांचित हो गए। हर कोई इस ऐतिहासिक किले को देखना, महसूस करना और जीना चाह रहा था और वे इतिहास में खोते चले गए। मौका रहा पर्यटन स्थल के रूप में जयगढ़ फोर्ट के 40 वर्षों के जश्न का, जिसकी शुरुआत फोर्ट में शनिवार को 'द जयगढ़ फेस्टिवल' के रूप में की गई। अपनी तरह का पहला और अनूठा फेस्टिवल है, जिसका आयोजन शहर की विरासत, कला और शिल्प के संरक्षण और प्रोत्साहन देने के उदेश्य के लिए जा रहा है।

फेस्टिवल का उद्घाटन सवाई पद्मनाभ सिंह ने किया। इसके बाद सुभट निवास में जयपुर घराने के कथक नृत्य और बांसुरी वादन की प्रस्तुति हुई। फेस्टिवल में स्टूडेंट्स, विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तियों सहित बड़ी संख्या में आगंतुक शामिल हुए। इस अवसर पर पद्मनाभ सिंह ने कहा जयपुर संस्कृति और इतिहास के लिए विश्व प्रख्यात है। मुझे प्रसन्नता और गर्व है कि जयगढ़ फोर्ट के 40 गौरवशाली वर्षों का जश्न मनाने के लिए फेस्टिवल की शुरुआत की गई है। फोर्ट हमारी संस्कृति, परंपरा और इतिहास को दर्शाता है। फेस्टिवल एक पहल है, जिससे से जयगढ़ की हेरिटेज, कछावा इतिहास, राजस्थान की संगीत परंपराओं और जीवंत लोक संस्कृति से आगंतुकों को रूबरू कराने का प्रयास है।






### टॉक शो में वास्तुशिल्प हुआ उजागर

फोर्ट के खिलबति निवास में टॉक शोज की श्रृंखला आयोजित हुई। डॉ. जाइल्स टिलोट्सन ने 'बिल्डिंग जयगढ़: द फोर्ट थ्रू टाइम' विषय पर बात करते हुए जयगढ़ फोर्ट के वास्तुशिल्प पर प्रकाश डाला। उन्होंने किले से जुड़ी विभिन्न बारीकियों के बारे में बात की जिस पर पहले कभी गौर नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि जयगढ़ का इतिहासकारों ने कभी अध्ययन नहीं किया, क्योंकि उन्हें किलों में जाने की अनुमति नहीं थी। डॉ. गाइल्स ने किले की विभिन्न वास्तुशिल्प विशेषताओं के बारे में विस्तार से बात की। 'कॉन्क्वेर्स एंड प्रोटेक्टर्स: रिट्रेसिंग कछावा हिस्ट्री' पर एक अन्य टॉक में डॉ. अभिमन्यु सिंह अरहा ने चर्चा की। उन्होंने संपूर्ण कछावा इतिहास पर नए सिरे से रोशनी डालते हुए विस्तार से चर्चा की और आमेर व जयपुर से संबंधित गलत धारणाओं पर प्रकाश डालते हुए कम ज्ञात भागों के बारे में बताया। 'रीवाइविंग द म्यूजिक ट्रेडिशंस ऑफ राजस्थान' विषय पर चर्चा में गोविंद सिंह भाटी और शेरोन जेनेवीव ने राज्य से जुड़े विभिन्न पारंपरिक और सांस्कृतिक संगीत के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि आने वाली पीढ़ियों के लिए उन्हें जीवित रखना क्यों महत्वपूर्ण है। वहीं, सुरुचि शर्मा ने दर्शकों को 'जर्नी विद फोक' में लोक संस्कृति से रू-ब-रू कराया, जहां उन्होंने राजस्थान की विभिन्न लोक प्रस्तुतियों और कलाओं के बारे में बात की।

### आज प्रतिभागियों का होगा सम्मान

फेस्टिवल के पहले दिन लघु चित्रकला, ब्लॉक प्रिंटिंग आदि जैसी विभिन्न कार्यशालाएं आयोजित हुईं। इसके अलावा पीडीकेएफ क्राफ्ट बाजार में सॉफ्ट टॉय मेकिंग, गोटा पट्टी, बीड ज्वैलरी आदि जैसे शिल्प का डेमोन्स्ट्रेशन फेस्टिवल का विशेष आकर्षण रहा। दिन का समापन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक सुरुचि शर्मा की डॉक्यूमेंट्री 'मीन राग' की स्क्रीनिंग से हुआ। रविवार को फेस्टिवल के दूसरे दिन लोक प्रस्तुतियां का प्रदर्शन, कवि सम्मेलन और कार्यशाला के प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।

## City इवेंट्स

### विपिन ने शुरू की 'गुरु की तलाश'




**बेधड़क. जयपुर।** यू ट्यूब पर एक वीडियो चल रहा है, जिसमें बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता मुकेश खन्ना ने हिन्दू धर्म को सर्वोपरि बताते हुए कहा है कि जैन, बौद्ध व सिक्ख इत्यादि सभी धर्मों का उदय हिन्दू धर्म से हुआ है। अधिकतर विभिन्न धर्मों के लोग अपनी स्वेच्छा से अपने धर्म को मानते हुए उसमें गहन आस्था रखकर अपना जीवन यापन करते हैं। ऐसे में किसी एक धर्म को सर्वोपरि बताना उचित नहीं है। यह कहना है जयपुर के मानसरोवर निवासी विपिन कुमार जैन का, जिन्होंने गुरु की तलाश शुरू की है। इस संबंध में उन्होंने बताया कि हो सकता है अभिनेता का यह कहना उचित है कि अन्य सभी धर्म हिन्दू धर्म से निकले हैं इसलिए हिन्दू धर्म सर्वोपरि है, लेकिन उनका यह कहना अनुचित है कि अन्य सभी धर्मों को मानने वाले लोगों को हिन्दू धर्म अपनाते हुए इसमें शामिल हो जाना चाहिए। जबकि, एक मान्यता यह भी है कि सभी धर्मों का समय-समय पर उदय होना एक तथ्यात्मक परिवर्तन है।

### जयरंगम आज से, 7 दिन में होंगे 16 शो

**बेधड़क. जयपुर।** जयपुराइट्स कला के हर रूप से रूबरू होंगे और बॉलीवुड कलाकार भी जर्नी शेयर करते हुए कला का प्रदर्शन करेंगे। मौका होगा थ्री एम डॉट थिएटर बैंड सोसायटी की ओर से कला व संस्कृति विभाग और जवाहर कला केन्द्र के सहयोग से आयोजित होने वाले 12वें जयपुर रंग महोत्सव (जयरंगम-2023) का, जो रविवार से शुरू होगा। जयरंगम में रोजाना दोपहर 12 बजे कृष्णायन, शाम 4 बजे रंगायन और शाम 7 बजे मध्यवर्ती में कुल 3 शो का आयोजित होंगे। वहीं, सुरेख दीर्घा में दोपहर 2 बजे रंग संवाद होगा, जिसमें विशेषज्ञ विभिन्न मुद्दों पर विचार साझा करेंगे। जयरंगम को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जयरंगम की प्रोग्रामर मन गेरा ने बताया कि 7 दिन में 16 शो होंगे, जिनमें नाटक, म्यूजिकल कॉन्सर्ट, दास्तानगोई, फिल्म स्क्रीनिंग, महफिल-ए-जयरंगम, रंग संवाद, मास्टर क्लास शामिल हैं। बॉलीवुड एक्टर मकरंद देशपांडे, अहाना कुमरा, अतुल कुमार, आयशा रजा, उज्जवल चौपड़ा, शबनम वढेरा, हर्ष खुराना, अतुल सत्य कौशिक व अन्य फिल्मी हस्तियां हिस्सा लेंगी।

### गजलों की शाम में श्रोता हुए मुग्ध



**बेधड़क. जयपुर।** 'सलीके से हवाओं में जो खुशबू घोल सकते हैं, अभी कुछ लोग बाकी हैं जो उर्दू बोल सकते हैं...' जैसी पंक्तियों से गजल व सूफी गायन को समर्पित शाम ए गजल में कार्यक्रम में रजब अली भारती व ग्रुप ने प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय सांस्कृतिक सम्बंद परिषद भारत सरकार के नॉर्थ जोनल कार्यालय व राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्विद्यालय जयपुर की ओर से किया गया। कार्यक्रम में कवि अरविन्द कुमावत व डॉ. समिधा शर्मा ने वाक-कौशल से श्रोताओं को बांधे रखा। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के प्रतिकुलपति प्रो. राम किशोर जोशी, कुलसचिव प्रो. ए रामा मूर्ति, डीन यूजी प्रो. एच एम एल मीणा, संयुक्त निदेशक प्रशासन जयप्रकाश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### जीवंत होगा बॉलीवुड गोल्डन एरा



**बेधड़क. जयपुर।** शहर एक बार फिर बॉलीवुड के गीतों से सराबोर होगा। 'सुनहरे गीत और कुछ यादें' कार्यक्रम में माया नगरी के कलाकार जयपुर में परफॉर्म कर हर उम्र के लोगों को गीतों की शाम में डुबोएंगे। कार्यक्रम में बॉलीवुड गोल्डन एरा के तीन मशहूर कलाकार, प्लेबैक सिंगर बेला सुलाखे, प्लेबैक सिंगर मधुरा दातार और संगीतकार सैक्सोफोनिस्ट श्याम राज प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम संकल्प कल्चरल सोसायटी की ओर से बिड़ला ऑडिटोरियम 17 दिसंबर को होगा। संयोजक राजेश शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मुंबई के कलाकारों के अलावा जयपुर के राजेश शर्मा, जया शर्मा, राजश्री सेमंत, जय शर्मा, अनिल शर्मा, किशोर सरावगी, सतीश जैन, डॉ. साकेत माथुर, हेमंत सोंखिया और सरिता काला सुपर हिट गीत पेश करेंगे। अमर गायक किशोर कुमार के साथ कई मंचीय कार्यक्रम दे चुकीं बेला सुलाखे को किशोर कुमार 'हमारी छोटी लता' कहकर पुकारते थे। इसी तरह आशा भोंसले के गीतों को गाने में दक्ष मधुरा दातार बॉलीवुड में 'प्रति आशा'के नाम से जानी जाती हैं।

### मैत्रेय संस्थान, हिन्दू मंदिर उत्थान एवं पुनर्निर्माण ट्रस्ट निकालेंगे संकल्प यात्रा

# मंदिरों को गोद लेकर सुधारेंगे स्वरूप

**बेधड़क | जयपुर**

शहर और प्रदेश में ऐसे-ऐसे मंदिर और परिसर हैं, जिनके बारे में कोई जानता ही नहीं है। सरकार से लेकर किसी ने भी उनकी सुध नहीं ली है और वे क्षीण हो गए हैं। उनका इतिहास इतना स्ट्रॉन्ग है कि उनको आसानी से पर्यटन स्थल भी बनाया जा सकता है और हर उम्र के लोगों को उनके इतिहास से रूबरू करया जा सकता है, जो हर दृष्टि से उत्तम होगा। यह विचार आचार्य हिमानी शास्त्री ने जयपुर में रखे। वे मैत्रेय संस्थान व हिन्दू मंदिर उत्थान एवं पुनर्निर्माण ट्रस्ट की ओर से शुरू होने वाले अभियान का पोस्टर विमोचन कर रही थीं। उनके साथ इस मौके पर गोविंद पारीक, ब्रह्म शक्ति संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल द्विवेदी, मालवीय नगर मंडल के महामंत्री घनश्याम भार्गव आदि मौजूद रहे।



### 33 जिलों में जाएगी यात्रा

संकल्प यात्रा राजस्थान के 33 जिलों में जाएगी। यात्रा के दौरान उन प्राचीन और ऐतिहासिक मंदिरों को गोद लिया जाएगा, जिनका मूल स्वरुप समाप्त हो चुका है और अब उनके केवल अवशेष मात्र बचे हैं। यात्रा पूरे देश में भी जाएगी और प्रदेश के बाद पूरे देश में ऐसे मंदिरों को गोद लेकर उनका उद्धार किया जाएगा। मंदिर व देव प्रतिमाओं की विशेषज्ञ आचार्या हिमानी शास्त्री ने बताया कि भारत में अनेक ऐसे मंदिर हैं, जिनकी कोई देखरेख नहीं हो रही और न ही उनके इतिहास को जानने का प्रयास तक किया जा रहा है। संकल्प यात्रा से उनके इतिहास को पुनर्जीवित कर पूरे देश में इन स्थानों के प्रति जागरूकता और पर्यटन बढ़ाया जाएगा।

**योग व आसन का नि:शुल्क प्रशिक्षण:** मंदिर परिसर में ही योग व आसनों का नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे नई जनरेशन भी आसानी से सनातन से जुड़ सकेगी।

### ये विशेष मोटिव होंगे यात्रा में शामिल

भारत और सभी देशों के सभी प्राचीन मंदिरों का इतिहास लेखन कार्य व उनके पुनरुथान-पुनर्निर्माण कार्य और मंदिरों के दस्तावेज को डीजिटल करना किया जाएगा। साथ ही सभी प्राचीन व छोटे मंदिरों का भी उद्धार होगा। ऐसे में मंदिरों के नवीनीकरण के लिए ट्रस्ट की स्थापना की गई है, जिसका मकसद मंदिरों को नई तकनीक से सुसज्जित करना और उनके इतिहास और स्वरुप को उनके वास्तविक रूप में स्थापित करना है। दूसरी ओर इस अभियान के जरिए देवालयों को उपासना, सेवा और भारतीय कला का केंद्र बनाना जाएगा तो मंदिर के पुनर्निर्माण व देवस्थान पर सामाजिक भागीदारिता बढ़ाने के लिए मंदिरों में प्राचीन सांकृतिक विधाओं व कलाओं की शिक्षा और दीक्षा की व्यवस्था कार्यकारिणी बनाया जाएगा।

### सेमिनार में रियल एस्टेट पर चर्चा




**बेधड़क. जयपुर।** दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की जयपुर ब्रांच ने सेमिनार का आयोजन किया, जिसमें रियल एस्टेट उद्योग और करों का संबंध: नई दिशा, नए निर्देशो पर चर्चा की गई। जयपुर ब्रांच अध्यक्ष सीए विष्णु अग्रवाल और सचिव सीए अंकुर गुप्ता ने बताया सेमिनार का उद्देश्य रियल एस्टेट संपत्तियों में सही तरीके से कर नियमों के पालन के महत्व को समझाना और सदस्यों को स्थानीय स्तर पर बदलते कर प्रणाली के बारे में जागरूक करना था। कर से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई और उद्योग में कार्यरत चार्टर्ड एकाउंटेंट्स को नए कर नियमों, सरकारी निर्देशों और कर समाधानों के बारे में जानकारी दी गई। सीए अभिषेक मिश्रा ने रियल एस्टेट सेक्टर के कार्यक्षेत्र में सीए के प्रति की जा रही अपेक्षाओं पर चर्चा की।

**स्प्लेश-2023** कला प्रेमियों और कलाकारों के बीच साझा हुए किस्से-कहानी

# हर पेंटिंग के पीछे छिपी होती है एक खूबसूरत स्टोरी

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थानी बुजुर्ग पुरुष को लाइव हूबहू कैनवास पर उतारा तो कला प्रेमी और यंगेस्टर्स रोमांचित हो गए। साथ ही कला प्रेमियों से कई किस्से साझा किए गए। मौका रहा जवाहर कला केंद्र की कला दीर्घा चतुर्दिक में चल रहे 3 दिवसीय पेंटिंग एग्जीबिशन और कला उत्सव 'स्प्लेश-2023' का, जिसमें जाने-माने आर्टिस्ट कृष्ण कुमार को लाइव पेंटिंग करते देख सभी उत्साहित नजर आए। एक पेंटिंग कब पूरी होती है? के सवाल पर उपस्थित सभी कलाकारों ने विचार रखे। किसी ने कहा कि जब तक पूर्ण संतुष्टि ना मिले पेंटिंग अधूरी ही रहती है तो किसी ने कहा कि कितने ही एफर्ट्स लगा दो, लेकिन अंत तक लगता है कुछ कमी छूट गई है। शायद ही कोई पेंटिंग कभी पूर्ण होती है।

कृष्ण कुमार ने आर्टिस्ट की बात साझा करते हुए कहा कि हर पेंटिंग में अपनी एक कहानी छुपी होती है। सेशन में कलाकारों ने कई रोचक किस्से सुनाए। जोधपुर से क्रिंजल ने बताया, कि नोट बुक में कुछ न कुछ ड्रा करते रहने की आदत थी। जॉब लगने के बाद जब घर का इनोवेशन हो रहा था तो मां को कुछ पसंद नहीं आया और उन्होंने घर की दीवारों को सेरेमिक आर्ट्स से नए रंग से रंग दिया। वहीं से सफर शुरू हुआ।



### पजल्स के शौक ने बनाया कलाकार



हर्षा ने बताया कि पेंटिंग हॉबी थी। इसे कॅरियर बनाऊंगी यह कभी सोचा नहीं था। पजल्स खेलने का बहुत शौक रहा और वहीं से दिमाग में आया क्यों ना पेंटिंग्स को भी पजल्स के रूप में बनाया जाए। भोपाल की अमृता ने बताया कि एग्जीबिशन का हिस्सा पहली बार बनी हूं। बैंक में जॉब करती हूं, लेकिन लॉकडाउन में कला ने फिर से अपनी तरफ आकर्षित किया। सिर्फ 12 साल की उम्र में कला से प्रभावित करने वाले अर्जुन शुक्ला ने बताया कि कैनवास और कलर के बिना मन ही नहीं लगता। 2020 से उन्होंने स्केच बनाना शुरू किया और आज एग्जीबिशन का हिस्सा है। प्रदर्शनी के संयोजक मितुल अग्रवाल ने बताया कि रविवार को सुबह 10 से दोपहर 1 बजे के 'स्केच मीट बाय अर्बन स्केचर्स, दोपहर 2 से शाम 4 बजे 'वोकल्स टू विजुअल्स विद अमृता चौहान'और शाम 4 बजे से पुरस्कार वितरण किए जाएंगे।



### गाजा पर गरजते रहेंगे इजराइली रॉकेट

# UNSC में पेश प्रस्ताव US ने अटकाया

**एजेंसी** | संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में मुस्लिम देशों के द्वारा एक प्रस्ताव लाया गया, जिसमें गाजा में तत्काल युद्धविराम की मांग की गई थी। हालांकि, अमेरिका ने अपने वीटो का इस्तेमाल कर इसे रोक दिया। 13 सदस्यों ने संयुक्त अरब अमीरात द्वारा लाए गए मसौदा प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। वहीं, ब्रिटेन मतदान से अनुपस्थित रहा। इसके बाद संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी उप राजदूत ने कहा कि सैन्य कार्रवाई रोकने से हमास को शासन जारी रखने और अगले युद्ध के लिए एक नया बीज बोने की अनुमति मिलेगी। समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने वुड के हवाले से कहा, "संयुक्त राज्य अमेरिका एक स्थाई शांति का दृढ़ता से समर्थन करता है। हम इस प्रस्ताव के एक अस्थिर युद्धविराम के आह्वान का समर्थन नहीं करते हैं, जो केवल अगले युद्ध के लिए बीज बोएगा।"

वोटिंग के बाद इजराइल के संयुक्त राष्ट्र के राजदूत गिलाद एर्दान ने अपने देश के उस रुख को दोहराया, जिसमें कहता है कि युद्धविराम केवल सभी बंधकों की वापसी और हमास के विनाश के साथ ही संभव होगा। वहीं, अधिकांश देशों ने गाजा में इजराइली बमबारी को तत्काल रोकने के पक्ष में रुख अपनाया।

#### हमास ने की अमेरिकी वीटो की निंदा

फिलिस्तीनी समूह हमास ने प्रस्ताव को वीटो करने के अमेरिका के फैसले की निंदा करते हुए हमास ने कहा कि समूह वाशिंगटन के कदम को अनैतिक और अमानवीय मानता है। हमास ने कहा, "संघर्षविराम प्रस्ताव जारी करने में अमेरिकी बाधा हमारे लोगों की हत्या और अधिक नरसंहार के साथ प्रत्यक्ष भागीदारी है।"

#### जिंदा शिशुओं को ICU में छोड़ा, सड़ रही लाशें

गाजा के अल-नस्र अस्पताल के खाली कराए गए आईसीयू में शिशुओं के क्षत-विक्षत शव पाए गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार अस्पताल में सड़ रहे शिशुओं के शवों का दर्दनाक वीडियो सामने है। रिपोर्ट की मानें तो वीडियो में बच्चों के छोटे शरीर दिखाई दे रहे हैं, जिनमें जीवन रक्षक उपकरण लगे हुए नजर आ रहे हैं। 27 नवंबर के फुटेज में कम से कम चार शिशुओं के अवशेष दिखाए गए थे, जिनमें से कुछ के कंकाल तक नजर आ रहे हैं।


### पाक: करगिल युद्ध का विरोध करने पर मुझे हटाया

# नवाज शरीफ का खुलासा

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने शनिवार को अहम दावा किया। उन्होंने कहा कि करगिल युद्ध का विरोध करने पर जनरल परवेज मुशर्रफ ने 1999 में उनकी सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया था। शरीफ का दावा है कि उन्होंने भारत और अन्य पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध रखने के महत्व को रेखांकित किया था। तीन बार के प्रधानमंत्री शरीफ ने कहा, 'मुझे बताया जाना चाहिए कि 1993 और 1999 में मुझे क्यों बाहर कर दिया गया था? जब मैंने करगिल योजना का विरोध करते हुए कहा था कि ऐसा नहीं होना चाहिए... तो मुझे बाहर कर दिया गया था।'

शरीफ ने आगामी चुनावों के लिए अपनी पार्टी के टिकट के दावेदारों से बात करते हुए कहा, 'और बाद में मैंने जो कहा वह सही साबित हुआ।' शरीफ ने दो भारतीय प्रधानमंत्रियों की पाकिस्तान यात्रा के बारे में भी बात की, जब वह प्रधानमंत्री थे। उन्होंने कहा कि हमने हर मोर्चे पर अच्छा प्रदर्शन किया है



#### दो भारतीय पीएम की यात्रा का जिक्र

नवाज शरीफ ने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में मेरे कार्यकाल के दौरान दो भारतीय प्रधानमंत्रियों ने पाकिस्तान का दौरा किया। मोदी और वाजपेयी लाहौर आए थे। शरीफ ने भारत और अन्य पड़ोसी देशों के साथ बेहतर संबंधों पर जोर देते हुए कहा, 'हमें भारत, अफगानिस्तान और ईरान के साथ अपने संबंध बेहतर करने होंगे। हमें चीन के साथ और अधिक मजबूत संबंध बनाने की जरूरत है। पता नहीं क्यों एक अनुभवहीन आदमी को देश की बागडोर सौंपी गई।

#### इमरान पर साधा निशाना

जेल में बंद इमरान खान पर निशाना साधते हुए शरीफ ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि एक अनुभवहीन व्यक्ति को देश की बागडोर क्यों सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि इमरान खान की सरकार के दौरान अर्थव्यवस्था में गिरावट देखी गई। फिर अप्रैल 2022 में शहबाज शरीफ सरकार ने सत्ता संभाली और देश को डिफॉल्ट से बचाया। शरीफ ने 2017 में अपनी सरकार को हटाकर देश को बर्बाद करने के लिए पूर्व सैन्य जनरलों और न्यायाधीशों की जवाबदेही की अपनी मांग दोहराई।

### ब्रिटेन में अवैध प्रवासियों को नो एंट्री

# सुनक लाए अब तक का सबसे सख्त कानून

**एजेंसी** | लंदन

ब्रिटेन में अप्रवासियों की समस्या काफी ज्यादा बड़ी होती जा रही है। इस पर लगाम लगाने के लिए वहां की सरकार कुछ अहम फैसले ले रही है। इसी कड़ी में एक नया विधेयक भी लाया जा रहा है। इस विधेयक को लेकर ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने ट्वीट किया है। इस ट्वीट में सुनक ने कहा है कि हम अपनी सीमाओं को सुरक्षित करने के लिए कुछ अहम फैसले ले रहे हैं। साथ ही उन्होंने अवैध प्रवास खत्म करने पर भी जोर दिया है।

ऋषि सुनक ने आगे लिखा कि इस विधेयक के कारण देश में आने वाले लोगों को संसद नियंत्रित करेगी, न कि आपराधिक गिरोह या कोई विदेशी अदालतें। सुनक के मुताबिक एक प्रवासी का बेटा होने के नाते मैं समझ सकता हूं कि लोग ब्रिटेन क्यों आना चाहते हैं, लेकिन मेरे माता-पिता कानूनी रूप से ब्रिटेन आए थे। हम नहीं चाहते कि यहां आने के लिए लोग क्रिमिनल गैंग के हाथों तरह-तरह की तकलीफें उठाएं। सुनक ने कहाकि इस हफ्ते मैंने अवैध प्रवास के खिलाफ सबसे सख्त कानून का ऐलान किया है। इससे अवैध प्रवास पूरी तरह से खत्म हो जाएगा।

अपने ट्वीट में सुनक ने लिखा है कि अवैध प्रवासियों की संख्या में 3,00,000 तक की कमी लाने की योजना है।






### अस्पताल में आग तीन की मौत

**रोम।** इटली की राजधानी रोम के बाहरी इलाके में स्थित एक अस्पताल में आग लगने और इमारत में धुआं भरने की वजह से तीन लोगों की मौत हो गई। अस्पताल में भर्ती मरीजों को आग की वजह से अन्य स्थानों पर स्थानांतरित करना पड़ा। दरअसल, 'इवानजेलिस्ट हॉस्पिटल' की गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती मरीजों को तत्काल एंबुलेंस के जरिए दूसरे अस्पतालों में शिफ्ट किया गया।

# सीओपी28- जलवायु कार्रवाई का आधार हो जलवायु न्याय: भारत

**एजेंसी** | दुबई

पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने शनिवार को यहां सीओपी28 में कहा कि भारत का दृढ़ विश्वास है कि समानता और जलवायु न्याय, जलवायु कार्रवाई का आधार होना चाहिए।

यह तभी सुनिश्चित किया जा सकता है जब विकसित देश जलवायु परिवर्तन से निपटने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे।

वार्षिक जलवायु सम्मेलन के उच्चस्तरीय खंड में देश का राष्ट्रीय वक्तव्य देते हुए यादव ने भारत के योगदान पर प्रकाश डाला और कहा कि नयी दिल्ली ने 2005 तथा 2019 के बीच अपनी जीडीपी उत्सर्जन तीव्रता को 33 प्रतिशत कम कर दिया, जिससे लक्ष्य 11 साल पहले ही हासिल हो गया।

यादव ने यह भी कहा कि भारत बढ़ी हुई जलवायु कार्रवाई पर निर्णय लेने के लिए सार्थक और प्रासंगिक जानकारी प्रदान करने के वास्ते 'ग्लोबल स्टॉकटेक' (जीएसटी) परिणाम को लेकर आशान्वित है। यह हानि और क्षति कोष के संचालन के पहले दिन ही स्पष्ट हो गया।

### चांद पर कब्जा करना चाहती हैं सेनाएं

# क्या महत्वपूर्ण है मिलिट्री के लिए मून!

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

वर्तमान में तमाम देशों की चांद पर नजर है। वह अब मिलिट्री हितों के लिए केंद्र बिंदु बनता जा रहा है, जिसने दुनिया में जानकारों की चिंता बढ़ा दी है। अमेरिका की डिफेंस एडवांस्ड रिसर्च प्रोजेक्ट्स एजेंसी (डार्पा) ने पिछले कुछ वर्षों में अपना फोकस चंद्रमा पर बढ़ाया है।

चंद्रमा पर उपयोग के लिए उन्नत टेक्नोलॉजी की तलाश में सक्रिय डार्पा तिकड़ी का स्वागत किया गया है। साल 2021 में डार्पा ने नोवेल ऑर्बिटल मून मैन्युफैक्चरिंग, मटेरियल और मास एफिशिएंट डिजाइन (नोम4डी) कार्यक्रम शुरू किया था। पिछले महीने डार्पा ने लूनर ऑपरेटिंग गाइडलाइंस फॉर इन्फ्रास्ट्रक्चर कंसोर्टियम या लॉजिक शुरू किया।



#### संयुक्त राष्ट्र की बाह्य अंतरिक्ष संधि

डार्पा के मिशन 1967 की संयुक्त राष्ट्र की बाह्य अंतरिक्ष संधि से मेल खाता दिखता है। यह संधि चंद्रमा और अन्य खगोलीय पिंडों का उपयोग शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए करने का आह्वान करता है। अमेरिकी विदेश नीति परिषद में रक्षा अध्ययन के सीनियर फेलो पीटर गैरेटसन ने कहा, 'डार्पा की परियोजना सफल वाणिज्यिक चंद्र उद्योग के लिए बेहद सावधानी से तैयार की गई है, जो स्पष्ट तौर पर एक शांतिपूर्ण गतिविधि है।' उन्होंने आगे कहा, 'डार्पा स्वयं चंद्रमा या उसके पास कुछ नहीं कर रहा। इसके अलावा डार्पा अपने रिजल्ट को पूरी दुनिया को दिखाएगा।'

#### शांतिपूर्ण इस्तेमाल पर हो फोकस

एक्सपर्ट्स का कहना है कि चांद की कोई खास मिलिट्री वैल्यू नहीं है, इसलिए असली फोकस चंद्रमा के शांतिपूर्ण इस्तेमाल पर होना चाहिए। हालांकि, हाल के वर्षों में चांद के संसाधनों को निकालने को लेकर रुचि बढ़ी है। ऐसे में यहां पर नियंत्रण प्रतिस्पर्धा पैदा कर सकता है, जिस कारण अंतरिक्ष में फिर दौड़ शुरू होगी। क्षेत्रीय दावों के कारण संघर्ष बढ़ने की भी संभावना जताई जा रहा है। उदाहरण के तौर पर पिछले महीने यूएस-चीन आर्थिक और सुरक्षा समीक्षा आयोग ने कहा कि चीन रणनीतिक उद्देश्यों के लिए चंद्रमा तक पहुंच को नियंत्रित करना चाहता है।


सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

**"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए**

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl